
आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

सांध्य

# दैनिक इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, सोमवार 25 अगस्त 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 245 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 बिजली कंपनी को मिलेंगे 285 नए कार्मिक

5 हर फिल्म ने मुझे कुछ नया सिखाया - तनीषा मुखर्जी

6 नहीं हटेंगी सराफा चौपाटी, 10 बजे से लगेगी दुकानें





इंदौर। बरसात में भी श्री गणेश जी के आने की तैयारी में साज-सज्जा की वस्तुओं की खरीददारी जमकर हुई। चित्र-रानीपुरा का।

अनुराग जैन को मिलेगा एक्सटेंशन या आएगा नया चेहरा?

# मध्यप्रदेश में मुख्य सचिव पद पर सस्पेंस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर एक बार फिर सस्पेंस की स्थिति बनी हुई है। मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें सेवा विस्तार मिलेगा या नया मुख्य सचिव नियुक्त किया जाएगा। यह तीसरी बार है जब प्रदेश में मुख्य सचिव के पद को लेकर आखिरी वक्त तक अनिश्चितता बनी हुई है। नवंबर 2022 में जब इकबाल सिंह बैस रिटायर हो रहे थे, तब उनके सेवा विस्तार को लेकर लंबे समय तक संशय रहा। रिटायरमेंट के आखिरी दिन ही उन्हें 6 माह का विस्तार दिया गया। सितंबर 2023 में बैस के विस्तार की अवधि पूरी होने से पहले ही वीरा राणा को प्रभारी मुख्य सचिव बनाया गया। हालांकि राणा को भी तीन हफ्ते पहले ही छह माह का विस्तार मिल गया। सितंबर 2024 में जब राणा का कार्यकाल खत्म हुआ, उसी दिन अनुराग जैन को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। अब ठीक वही स्थिति जैन के मामले में भी दिखाई दे रही है। सूत्रों का कहना है कि फैसला



रिटायरमेंट के दिन ही सामने आएगा।

यदि मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन को सेवा विस्तार नहीं मिलता है तो प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया के पद के लिए तीन वरिष्ठ आईएएस अफसरों के नाम चर्चा में थें। इसमें से 1990 बैच की अलका उपाध्याय को केंद्र ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का सचिव बना दिया है। ऐसे में अब उनके सीएस की रेस से बाहर होनेकी अटकलें लगाई जा रही है। फिलहाल सबसे मजबूत दावेदारों में 1990 बैच के डॉ. राजेश राजौरा, 1991 बैच के अशोक बर्णवाल शामिल हैं।

## डॉ. राजेश राजौरा सबसे मजबूत विकल्प

जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा इस पद की दौड़ में सबसे आगे माने जा रहे हैं। वे मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव रह चुके हैं और उज्जैन संभाग, जो सीएम मोहन यादव का गृह क्षेत्र है, के प्रभारी भी रह चुके हैं। राजौरा कृषि, गृह, उद्योग, परिवहन और उद्यानिकी जैसे अहम विभागों का जिम्मा संभाल चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने धार, बालाघाट, उज्जैन और इंदौर में कलेक्टर तथा झाबुआ में एडीशनल कलेक्टर के रूप में भी काम किया है।

## बर्णवाल का नाम भी रेस में

अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अशोक बर्णवाल का नाम भी इस पद की दौड़ में है। वे गुना, देवास और शहडोल में कलेक्टर रह चुके हैं। बर्णवाल ने वन, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण विभाग सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। शिवराज सरकार के समय वे मुख्यमंत्री कार्यालय का संचालन भी कर चुके हैं और उनकी छवि एक तेजतर्रार अधिकारी की रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

- ग्रेटर नोएडा के निक्की मर्डर केस में ससुर सत्यवीर अरेस्ट
- कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल महिला उत्पीड़न आरोपों के बीच पार्टी से निलंबित किया
- मुर्शिदाबाद : टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा के आवास पर ईडी की छापेमारी
- यमन की राजधानी सना में जोरदार धमाका, इजरायल ने किए हवाई हमले
- दिल्ली मेट्रो का किराया बढ़ा, अब सबसे लंबी दूरी की यात्रा के लिए लगेंगे 64 रुपये
- कासगंज से गोगामेड़ी जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर को कंटेनर ट्रक ने मारी टक्कर, 8 लोगों की मौत
- प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री मामले में दिल्ली हाई कोर्ट आज सुनाएगा फैसला
- स्पेसएक्स ने स्टारशिप की 10वीं लॉन्चिंग को अगली घोषणा तक टाला
- रूस ने यूक्रेन के दिनप्रोपेट्रोव्स्क रीजन में एक और गांव पर किया कब्जा
- लखनऊ के मलिहाबाद में रोडवेज बस की टैंकर से टक्कर, कई यात्री घायल
- अमेरिका के लिए इंडिया पोस्ट की डाक सेवाएं आज से अस्थायी रूप से बंद

# 34 विभागों के पास नहीं है खर्चे की जानकारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश सरकार के कई विभागों की हालत अच्छी नहीं है। मंत्रियों की उदासीनता और अफसरों की लापरवाही का नतीजा यह हो रहा है कि 34 विभाग अब तक बजट के बारे में जानकारी नहीं दे पा रहे। यह जानकारी ऑडिटर जनरल कार्यालय द्वारा मांगी गई है, लेकिन उसे जानकारी नहीं मिल पाई। दरअसल, महालेखाकार कार्यालय कैग ने 31 मार्च 2025 की स्थिति तक विभागों से जानकारी मांगी है। यह जानकारी मांगी गई है कि विभाग के अधीन बजट नियंत्रण अधिकारियों ने बैंकों में कितनी राशि जमा कर रखी थी? इस अवधि में कौन-कौन से बड़े कार्य और परियोजनाएं अधूरी रहीं?

कई बार पत्र लिख चुका छ्त्र

महालेखाकार कार्यालय ने इसको लेकर इस वित्त वर्ष में सबसे पहले 29 अप्रैल को, फिर 20 मई और इसके बाद 24 जुलाई को पत्र लिखा था। महालेखाकार कार्यालय इस बार सीधे मुख्य सचिव को पत्र लिख चुका है। इसके बाद गुरुवार तक सभी विभागों को जानकारी भेजने के निर्देश एक बार फिर जारी किए गए थे। इसके बाद भी जवाब नहीं मिला तो एक अगस्त को वित्त विभाग को अलग और मुख्य सचिव को अलग पत्र भेजकर जानकारी दिलाने को कहा है। वित्त विभाग ने बार-बार विभागों को जानकारी भेजने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि बजट नियंत्रण अधिकारियों की इस लापरवाही का सीधा असर सरकार की वित्तीय रिपोर्टिंग पर पड़ रहा है। इससे राज्य के वित्तीय लेनदेन का ब्यौरा तैयार करने में मुश्किलें आ रही हैं।



### वित्त विभाग ने मांगी थी यह जानकारी

तय बजट के अलावा अन्य खर्च, अनपेड बिलों से संबंधित देनदारियां, आउट साइड फंड ऑपरेशन की स्थिति, बैंकों में जमा राशि, पंचायत राज संस्थाओं को दी जाने वाली बकाया ग्रांट, अपूर्ण बड़े कार्यों की सूची, नए ऋण और अग्रिम (एडवांस) की जानकारी, ऋण की अदायगी और बकाया स्थिति, ऋण और अग्रिम का समेकित विवरण (समरी), निगमों, सरकारी कंपनियों और सहकारी संस्थाओं को दी गई सहायता, पीपीपी मोड और जनभागीदारी के तहत हुए निवेश की जानकारी, नई योजनाओं पर लिए गए नीतिगत निर्णयों का संभावित कैश फ्लो, संस्थाओं को दी गई ग्रांट की पूरी जानकारी, सिंचाई परियोजनाओं के वित्तीय परिणाम, अब तक नहीं दी गई यह महत्वपूर्ण जानकारी, बिजली योजनाओं के वित्तीय परिणाम, ऋण व लाभांश की रिपोर्ट।

यह विभाग बने लापरवाह

राजस्व विभाग, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, एमएसएमई, जनजातीय कार्य विभाग, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, अनुसूचित जाति कल्याण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, महिला एवं बाल विकास, वाणिज्यिक कर, संसदीय कार्य, विमानन, लोक सेवा प्रबंधन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, वित्त विभाग, गृह विभाग, स्कूल शिक्षा, विधि एवं विधायी कार्य, जनसंपर्क विभाग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, संस्कृति विभाग, उच्च शिक्षा, सामान्य प्रशासन, वन विभाग, खनिज साधन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, नगरीय विकास एवं आवास, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग और लोक निर्माण विभाग।

# खजराना गणेश को लगेगा सवा लाख लड्डू का भोग



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश में गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। दस दिनी गणेश उत्सव इस सप्ताह से शुरू होगा। पहले दिन खजराना गणेश को सवा लाख लड्डू व मोदकों का भोग लगेगा। कारिगरों ने लड्डु का निर्माण मंदिर परिसर में शुरू कर दिया है। गणेश चतुर्थी के पहले दिन खजराना मंदिर में फूल बंगला भी सजाया जाएगा और दर्शन व्यवस्था चलित रहेगी। दस दिन मंदिर में हजारों की संख्या में दर्शक आते है। खजराना गणेश मंदिर जाने वाले मार्ग को भी नगर निगम ने ठीक किया है। गणपति बप्पा की मूर्ति के लिए चांदी का मुकुट भी बनाया गया है। जल्दी ही सोने के मुकुट भी तैयार होगा। पिछले दिनों गृभगृह की चांदी की दीवारों को भी ठीक किया गया था।

## शहर में बने लगे गणेश पांडाल

शहर में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कई स्थानों पर गणेश पांडलों का काम लगभग पूरा हो गया है। पश्चिम क्षेत्र के वैशाली नगर में दस दिन विशेष कार्यक्रम होते है। इसके अलावा नंदानगर में भी दस दिन प्रसादी वितरित की जाएगी और महाआरती होगी। यहां मूर्ति बनाने के लिए बंगाल से कलाकार आए है।

पालदा क्षेत्र में भी गणेशोत्सव मनाया जाएगा। शहर में 100 से ज्यादा स्थानों पर सार्वजनिक गणेश स्थापना होगी। उधर मिल श्रमिकों ने भी झांकियों का निर्माण शुरू कर दिया है। अनंत चतुर्दशी को शहर में झांकियां निकलती है।

# पिकनिक स्थल खाली कराए चोरल और महू रोड पर जाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर से बड़ी संख्या में पर्यटक पिकनिक स्पॉट पर आते हैं। रविवार को भीड़ अधिक होने से सुरक्षा खतरा बढ़ गया था। ऐसे में बड़गोंदा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बाहर निकाला और पिकनिक स्थलों को खाली कराया। बारिश के कारण चोरल और महू रोड पर भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई। हालात संभालने के लिए ग्रामीण पुलिस ने यहां अतिरिक्त कांस्टेबल की तैनाती की है। दोपहर से ही जाम लगना शुरू हो गया था और देर रात तक वाहन चालक परेशान होते रहे।

# चिराग ने ही भिंड से कारोबार के लिए इंदौर बुलाया था विवेक को

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अपने व्यापारिक साझेदार चिराग जैन की हत्या करने वाले विवेक जैन का दो दिन बाद भी पुलिस को कुछ पता नहीं चला। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने दो टीमें बनाई हैं। पुलिस को आशंका है कि विवेक भिंड की तरफ भागा होगा। वह अपने मोबाइल भी हत्या के बाद चिराग जैन के फ्लैट पर छोड़ गया था।

हत्या के बाद वह अपनी कार बायपास पर छोड़ कर भाग गया। अफसरों को आशंका है कि वह बस या किसी टैक्सी से भागा है। पुलिस बायपास के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से यह पता लगा रहे है कि उसने कार कब रखी। उसके जरिए उस वक्त वहां से गुजरने वाली बसों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने विवेक पर दस हजार का इनाम भी घोषित किया है। विवेक की पत्नी से पुलिस को बताया कि विवेक साझेदारी टूटने के बाद से ही तनाव में था। वह हर हाल में कर्ज से मुक्त होकर अपनी प्रापर्टी बैंक से छुड़ाना चाहता था। इस कारण वह बार बार चिराग से विवाद करने लगा था। फोन पर भी अक्सर धमकियां देता था। चिराग ने विवेक और उसके परिवार वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने की तैयारी भी की थी। चिराग ने भी 12 साल पहले विवेक को भिंड से इंदौर बुलाया था और कारोबार में अपना साझेदार बनाया था। पहले वह अपने भाइयों के साथ ग्वालियर में कारोबार करता था।



# हुकुमचंद मिल में रातों रात पेड़ों की कटाई शुरू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**


**इंदौर** • हुकुमचंद मिल परिसर में पेड़ों की कटाई के विरोध में पर्यावरणविद् आंदोलन तेज करेंगे। आज मिल परिसर में पेड़ों की कटाई की जानकारी मिलते ही कई पर्यावरणविद् परिसर में पहुंचे। इसके बाद कल इसी जगह पर 1.30 बजे प्रेस वार्ता आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

अजय लागू, अरविंद पोरवाल और अन्य पर्यावरणविदों ने बताया कि शनिवार 23 अगस्त की रात को इंदौर शहर के प्राकृतिक जंगल हुकुमचंद मिल परिसर में तीन बड़े पेड़ों को उखाड़ा गया। जेसीबी मशीन की सहायता से यह सभी पेड़ उखाड़े गए। यह तीनों पेड़ परिसर में की गई पेड़ों की गई गणना में सम्मिलित हैं। इन पर नंबर भी अंकित किए गए थे। इन पेड़ों पर 2, 28 एवं 32 नंबर डले थे। क्रूरता के साथ इंदौर शहर की प्राणवायु और इन जंगलों को धीरे-धीरे नष्ट किया जा रहा है। जिस तरह से रात के अंधेर में पेड़ों को काटा जा रहा है यह प्रशासन के पर्यावरण एवं जनता के प्रति गैरजिम्मेदाराना व्यवहार को भी दर्शाता है। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि प्रशासन किसी भी हद तक जाकर अपने गलत निर्णय को क्रियान्वित करना चाह रहा है।



## जहां पर पेड़ कटे वहीं पर आज होगी प्रेस वार्ता

अजय लागू, अरविंद पोरवाल और अन्य पर्यावरणविदों ने बताया कि कल सोमवार 25 अगस्त को हुकुमचंद मिल परिसर, शिव मंदिर में 1.30 बजे प्रेस वार्ता रखी गई है। जहां पर पेड़ों की रातों रात कटाई की गई वहीं पर प्रेस वार्ता रखी गई है ताकि यह बताया जा सके कि किस तरह से प्रशासन रात के अंधेरे में पेड़ों को चुपके से काट रहा है। हुकुमचंद मिल का प्राकृतिक रूप से बना आखिरी जंगल अब कटने की कगार पर है। इस जंगल के नष्ट होने से इंदौर के पर्यावरण, जलवायु और पारिस्थितिकी पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।



## न्यूज इन ब्रीफ

### मकान की खुदाई में जिन प्रतिमाएं निकली

**इंदौर** • समाज में अत्यन्त हर्ष का विषय है कि रविवार के दिन प्रतिमाएं निकली धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि हरियाणा के कासन गाँव मे घर की खुदाई में 21 दिगम्बर जैन जिन प्रतिमाएं निकली हैं! दद्दू ने बताया कि अष्ट धातु एवं पाषण की 21 प्रतीमाऐ में से 20 प्रतिमाएँ 1008 श्री पार्श्वनाथ जी भगवान की हैं,एक जिन प्रतिमा 1008 श्री महावीर भगवान जी की हैं।

### बिजली कंपनी को मिलेंगे 285 नए कार्मिक

**इंदौर** • शासन के संकल्प पत्र के अनुसार विभागों में नियुक्तियां की जा रही है। मप्र शासन ऊर्जा विभाग अंतर्गत भी विभिन्न बिजली कंपनियों में परीक्षा आधार पर चयनित करीब 1050 युवाओं को नियुक्ति पत्र 26 अगस्त को भोपाल के रवींद्र भवन मे प्रदान किए जाएंगे। इसमें से 285 कार्मिक इंदौर बिजली कंपनी को मिलेंगे इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रदेश के ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस दौरान बिजली कंपनी की संगठनात्मक संरचना मंजूर करने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रदर्शन भी किया जाएगा। मप्र ऊर्जा विभाग ने संकल्प पत्र के आधार पर विभिन्न पदों पर एमपी ऑन लाइन के माध्यम से परीक्षा लेकर द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती की हैं। इनमें से प्रदेश हेतु चयनित करीब 1050 पदों के नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। ऊर्जा विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया की नोडल कंपनी मप्रपक्षेविविकं इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इन पदों में बिजली इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, लेखाधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक, सहायक विधि अधिकारी , लाइन अटेंडेंट, सिक्योरिटी आफिसर, पावर प्लांट फार्मासिस्ट, केमिस्ट, एएनएम, ट्रेसर, स्टाफ नर्स, लेब टेक्निशियन, रेडियोग्राफर, इसीजी टेक्निशियन, पब्लिसिटी ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर आदि पद शामिल हैं। भोपाल में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया हैं। इस अवसर पर प्रदेश की विभन्न बिजली कंपनियों की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही विद्युत कर्मचारी संगठनों को भी आमंत्रित कर कर्मचारी हितों और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

### श्री सियावल्लभ हर्षण पीठ पर हुआ अखंड अध्यात्म रामायण का पाठ



**इंदौर** • पलासिया स्थित श्री सियावल्लभ हर्षण पीठ पर अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी सियावल्लभदास जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर अखंड अध्यात्म रामायण का पाठ किया गया जिसकी पूर्णाहुति रविवार को साधु संतो के सान्निध्य में की गई। आयोजन प्रमुख श्री सियावल्लभ हर्षण पीठाध्यक्ष डॉ सुरेश चतुर्वेदी राम जी महाराज ने बताया कि पीठ पर शनिवार को सुबह 10 बजे अखंड अध्यात्म रामायण का पाठ पंडितों द्वारा शुरू किया गया था, जो लगातार रविवार दोपहर 12 बजे तक चला, उसके बाद पाठ की पूर्णाहुति के अवसर पर महाआरती की गई। जिसमे श्री राम मंदिर पंचकुइया के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज, महंत मंगलदास महाराज, महंत जानकी बल्लभ दास महाराज महंत हनुमान दास महाराज मंगल दास महाराज, ऐश्वर्यानंद महाराज, कृष्णानंद महाराज सहित अनेक साधु संतो के सानिध्य में पूर्णाहुति हुई। इस अवसर भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### आयोजन में हजारों समाजजन हुए सम्मिलित



**इंदौर** • दशनाम गोस्वामी समाज ने एकजुट और संगठित होकर कुटुंब प्रबोधन और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभाओं का सम्मान किया यह सराहनीय कार्य है, सम्मान से प्रतिभाओं का हौसला बढ़ता है। युवा संस्कारित होकर धर्म - संस्कृति के मार्ग पर लगातार चले, समाज हमेशा अलग जगाने का कार्य करता है। यह बातें अतिथियों ने अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज इंदौर युवा शाखा द्वारा आयोजित स्वर्गीय प्रेम नारायण पुरी अलंकरण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में कही। कुटुंब प्रबोधन को बढ़ावा देने के लिए अमितेश नगर स्थित शक्कर पैलेस में आयोजित समारोह में 200 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान किया।

# इंदौर रेलवे स्टेशन से एक अरब 94 लाख की वार्षिक आमदनी




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में शामिल इंदौर, महू, उज्जैन, रतलाम और नागदा स्टेशनों से प्लेटफार्म टिकट की बिक्री के जरिए रेलवे को हर साल मोटी कमाई हो रही है। आंकड़ों के अनुसार, इना स्टेशनों से प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की आय हो रही है वहीं, इनमें से इंदौर स्टेशन अकेले ही सबसे ज्यादा आय अर्जित करने वाला स्टेशन है।

इंदौर स्टेशन से सबसे ज्यादा कमाई रतलाम रेल मंडल का हिस्सा इंदौर जंक्शन हर साल रेलवे को भारी-भरकम कमाई कराकर देता है। प्लेटफार्म टिकट और अन्य मदों से इंदौर स्टेशन से ही मंडलको एक अरब 94 लाख रुपयेकी वार्षिक आय होती है। यही वजह है कि इंदौर स्टेशन को मंडल का सबसे लाभदायक स्टेशन माना जाता है।

लेकिन यहां सुविधाओं की कमी खल रही। आय के मामले में नंबर वन होने के बावजूद इंदौर रेलवे स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं की कमी यात्रियों को परेशान करती है। प्लेटफार्म पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, पीने के पानी की समस्या है और सफ-सफाई को लेकर भी यात्री शिकायत करते रहते हैं। साथ ही, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन में भी स्टेशन प्रशासन विफल नजर आता है। यात्रियों की बढ़ती।

संख्या इंदौर शहर को व्यापारिक राजधानी कहा जाता है और यहां रोजाना हजारों यात्री रेल से यात्रा करते हैं। प्लेटफार्म टिकट की बिक्री में इंदौर का हिस्सा सबसे अधिक है। त्योहारों और छुट्टियों के दौरान तो यह आय कई गुना बढ़ जाती है। बावजूद इसके यात्रियों को उनके हिसाब से सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

**रेलवे की प्राथमिकताएँ सवालों में**-यात्रियों का कहना है कि जब रेलवे को इंदौर स्टेशन से इतनी बड़ी कमाई हो रही है, तो इसका फायदा यात्रियों को भी मिलना चाहिए। स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के काम में तेजी लाई जानी चाहिए। कई बार यात्रियों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन हालात में सुधारकी गति बेहद धीमी है। विशेषज्ञों की रॉय रेल विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती जनसंख्या और यात्रियों की संख्या को देखते हुए इंदौर स्टेशन का विस्तार और आधुनिकीकरण समय की मांग है। स्मार्ट सिटी के रूप में पहचान बना चुके इंदौर के रेलवे स्टेशन पर भी आधुनिक स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ में एजुकेशन एक्सपो-2025 का आयोजन किया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रतिष्ठित जागरण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित, दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ, इंदौर को हाल ही में प्रतिष्ठित एजुकेशन एक्सपो-2025 की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर देश भर के 12 प्रतिष्ठित संस्थानों का एक समूह एक साथ आया, जिससे छात्रों को अकादमिक दिग्गजों से जुड़ने, विविध कार्यक्रमों का अन्वेषण करने और अपनी पूरी क्षमता को उजागर करने का एक दुर्लभ अवसर मिला।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ, इंदौर में आयोजित विश्वविद्यालय एजुकेशन एक्सपो 2025 'मेला' एक शानदार सफलता रहा, जिसने छात्रों को अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बनाया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विकास, उन्नति और उत्कृष्टता के अवसर प्रदान करने के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई। शैक्षणिक उत्कृष्टता का संगम- इस मेले में विश्वविद्यालयों का एक विशिष्ट समूह शामिल था, जो अपनी अनूठी खूबियों और शैक्षणिक परिदृश्य में योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं, फ्लेम यूनिवर्सिटी : उदार शिक्षा का गढ़, आलोचनात्मक सोच और बौद्धिक जिज्ञासा को बढ़ावा देता है, अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी-रचनात्मक अभिव्यक्ति का केंद्र, नवोन्मेषी विचारकों और कलात्मक प्रतिभा का पोषण करता है, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी: समग्र शिक्षा का एक केंद्र, जो दुनिया की गहरी समझ रखने वाले सर्वांगीण व्यक्तियों का निर्माण करता है।

## एनजीओ में इनवेस्टमेंट के नाम पर 51 लाख की ठगी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में लोगों के साथ धोखाधड़ी की वारदातों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन 02 नगरीय इंदौर प्रभारी हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 02 नगरीय इंदौर अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजय नगर आदित्य पटले के दिशा निर्देशन में पुलिस थाना विजय नगर द्वारा कार्यवाही करते हुए एन.जी.ओ. में इनवेस्टमेंट के नाम पर 51 लाख की ठगी करने वाले बदमाशों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

घटनाक्रम 23 अगस्त 2025 को आवेदक समरथ पिता कन्हैयालाल पाटीदार की शिकायत-थाना विजयनगर पर प्राप्त हुई। आवेदक द्वारा बताया गया कि उसके दोस्त ने अपने रिश्तेदार से मिलवाया और कहाँ की यह एन.जी.ओ. ग्रुप में जुड़ा हुआ है जिसमें यदि आप 50 लाख रुपये इंवेस्ट करते हो तो आपके खाते में 02 दिन पश्चात ऑनलाईन 70 लाख रुपये आ जायेंगें जिसके पश्चात दोस्त के रिश्तेदार द्वारा एक व्यक्ति को फर्जी एंजेट बनाकर आवेदक से मिलवाया और 01 लाख रुपये टोकन मनी लेकर स्लाट बुक होने का कहाँ गया शेष 50 लाख रुपये विजयनगर क्षेत्र में स्थित आर्बिट मॉल के आफिस में फर्जी एजेंटो को दिलवाये गये। 02 दिन पश्चात खाते में रुपये नही आने पर आवेदक आर्बिट मॉल में स्थित ऑफिस पहुंचा तो वहाँ कोई नही मिला उसके पश्चात दोस्त के रिश्तेदार को कॉल लगाने पर बोला गया कि रुपये थोड़े समय में आ जायेगें थोडे दिन बाद उसने भी फोन बंद कर लिया जिसके पश्चात आवेदक थाना विजयनगर आया और अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर आरोपियो की तलाश हेतु तत्काल थाना प्रभारी श्री चन्द्रकांत पटेल द्वारा टीम को रवाना किया आवेदक द्वारा बताये गये व्यक्तियो को तत्वरित कार्यवाही कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ जारी है।

पुलिस कार्यवाही- उक्त घटना पर विजय नगर पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 652/2025 धारा 318(4),316(2) बी. एन. एस. का पंजीबद्ध कर विजय नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर तत्काल आर्बिट मॉल पहुँचे जहाँ आरोपियों के बारे में जानकारी एकत्रित कर रवाना हुये। आरोपी की तलाश करते पुलिस राउ पहुंची जहाँ आवेदक द्वारा बताये गये संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा बाद विस्तृत से पूछताछ करते आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। पूछताछ करते आरोपियों की पहचान मुरारी लाल उम्र 31 साल नि. ग्राम टारडा पोस्ट बिजौरा तहसील अंता जिला बारा राजस्थान एंव सुधीर बैकर उम्र 39 साल नि. खंडोबा टेकडीच्या वरती वंदेमातरम चाल न. 03 न्यू सिद्धार्थ नगर भटवाडी, घाटकोपर वेस्ट मुंबई महाराष्ट्र का होना पाया गया ।

## गणेश उत्सव होगा पर्यावरण अनुकूल 3 डी की तर्ज पर बनेगा हर पंडाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर नगर पालिक निगम द्वारा आगामी गणेश उत्सव में पर्यावरण अनुकूल सामग्री के उपयोग एवं 3R (Reduce, Reuse, Recycle) के सिद्धांत पर पंडाल निर्माण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर की विभिन्न गणेश पंडाल समितियों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया ने समिति पदाधिकारियों से चर्चा कर अपील की कि- पंडालों में प्लास्टिक व थर्माकोल का उपयोग न करें। सजावट एवं निर्माण में रीसाइकिल और पुन: उपयोग योग्य सामग्री का प्रयोग करें।



उत्सव को स्वच्छ और हरित बनाने में सहयोग दें। निगम का संकल्प है कि इंदौर में मनाया जाने वाला गणेश उत्सव न केवल भक्ति का प्रतीक बने, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी पूरे देश तक पहुँचाए।

## बोर्ड परीक्षाओं का पारिश्रमिक शीघ्र मिलेगा- बबीता हयारन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षकों को शीघ्र ही मूल्यांकन पारिश्रमिक मिलेगा। यह बात शासकीय मालव कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य एवं बोर्ड मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष श्रीमती बबीता हयारन ने बोर्ड मूल्यांकनकर्ता शिक्षक एवं शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी व पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार ने मूल्यांकन राशि के भुगतान को लेकर उनसे चर्चा के दौरान कही ।

परमार ने बताया की हर वर्ष मूल्यांकन राशि का भुगतान मूल्यांकन के पश्चात् 8-10 महीनों के बाद किया जाता है जबकि अन्य जिलों में 3 से 4 महीने में सम्बंधितों को भुगतान हो जाता है। आज हमने जब मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष से चर्चा की तों उन्होंने बताया कि हमने पारिश्रमिक के फाइनली बिल गत 22 अगस्त को भेज दिए है उनका ऑडिट चेकिंग के पश्चात् शीघ्र ही भुगतान किया जाएगा।

## नेपाली संस्कृति परिषद की इंदौर इकाई का तीज महोत्सव संम्पन्न




**इंदौर** • सदर बाजार स्थित पुलिस सामुदायिक भवन में कल नेपाली संस्कृति परिषद की इंदौर इकाई का हरतालिका तीज महोत्सव पूरे हर्षोल्लास व जोर शोर से मनाया गया जिसमें सभी महिलाओं ने भगवा रंग की साड़ी की थीम रखी थी इस अवसर पर सांस्कृतिक आयोजन भी हुआ जिसमें गाना बजाने के अलावा महिलाओं का फैशन शो भी हुआ जिसमें करीब 20 प्रतिभागियों में से चुन कर अंतिम 5 को पुरस्कृत किया गया जिस प्रतिभागी ने जजों के प्रश्नों के सटीक व बेहतर जवाब दिया वो मिसेस तीज क्वीन चुनी गई।इस आयोजन में संस्था की दिव्या राणा का विशेष सहयोग रहा और उन्होंने फैशन शो में द्वीतीय स्थान ग्रहण करा। कार्यक्रम में संस्था आदित्य क्रे संयोजक सचिन नीमा व प्रवीण मोर्य का भी विशेष नेपाली दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव, शुरुआत 31 से

**इंदौर** • अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाने के लिए महासंघ के संचालक मंडल एवं कार्यकारिणी की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष संजय गोयनका एवं महामंत्री विष्णु गोयल ने बताया कि रविवार, 31 अगस्त को डॉ. अग्रवाल आई हास्पिटल में सदस्यों का निशुल्क नेत्र परीक्षण कर उन्हें हेल्थ कार्ड दिया जाएगा, जिसका उपयोग वे पूरे वर्ष निशुल्क नेत्र परीक्षण के लिए कर सकेंगे। 15 सितम्बर को वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 21 को वृद्धाश्रम में भोजन सेवा होगी।

## एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नायता मुंडला क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 5100 पौधों का रोपण कर मां की बगिया की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल व नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मेघवाल ने वृक्षों को धरती मां का श्रृंगार बताते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण का आह्वान किया। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि इंदौर ने पिछले वर्ष 51 लाख पौधारोपण कर गिनीज रिकॉर्ड बनाया था और इस वर्ष भी 51 लाख पौधों के रोपण का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में सुमित मिश्रा, मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, अभिषेक शर्मा बबलू, अश्विनी शुक्ल, मनीष शर्मा मामा, हरि नारायण यादव, बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन टीडीआर सर्टिफिकेट हेतु बैठक




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आयुक्त शिवम वर्मा की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई, जिसमें भूखण्ड धारकों को ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (TDR) प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। विदित हो कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के प्रयास से मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन टीडीआर पोर्टल का शुभारंभ किया गया था। इसी क्रम में महू नाका-टोरी कॉर्नर, व्यास ब्रिज-जिंसी, सरवटे-गंगवाल बस स्टैण्ड और बड़ा गणपति-राजमोहल्ला मार्ग पर स्थित भूखण्ड धारकों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूखण्ड धारकों से आवश्यक दस्तावेज संकलित कर समयबद्ध रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किए जाएं एवं प्रक्रिया पारदर्शी व सरल रहे।

## माननीय विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा निगम मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में जन स्वास्थ्य की दृष्टि से नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने, मिलावट एवं गंदगी पर नियंत्रण, अतिक्रमण तथा बिना लायसेंस व्यापार करने वालों के विरुद्ध माननीय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (म्युनिसिपल मजिस्ट्रेट) मुकेश गुप्ता के निर्देशन में सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र में निगम मोबाइल कोर्ट द्वारा कार्रवाई की गई। मोबाइल कोर्ट टीम, रिमूवल एवं मार्केट विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सरवटे बस स्टैंड संपर्क मार्ग के दोनों ओर स्थित दुकानों पर कार्यवाही की। इस दौरान अवैध रूप से फुटपाथ व सड़क किनारे बनाए गए शेड, अतिक्रमण, बिना निगम लाइसेंस के व्यवसाय करने वाले दुकानदारों तथा कचरा एवं गंदगी फैलाने वालों पर 67 से अधिक स्पॉट फाइन किए गए, जिससे 1 लाख 45 हजार रुपए से अधिक की राशि मौके पर ही वसूल की गई।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर, सोमवार 25 अगस्त 2025

# पीएआई 1.0 के विमोचन एवं पीएआई 2.0 के क्रियान्वयन के लिये कार्यशाला आज

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल कार्यशाला का करेंगे शुभारंभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा पीएआई 1.0 के विमोचन (डिसेमिनेशन) एवं पीएआई 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 25 अगस्त 2025 को किया जा रहा है। यह कार्यशाला प्रातः 9.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक विकास भवन, भू-तल स्थित सभागार, अरेरा हिल्स, भोपाल में आयोजित होगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे।

कार्यशाला में जिलों एवं राज्य स्तर से कुल 536 प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत (52), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत (52), जिला स्तर के वित्त कार्यक्रम प्रबंधक/अभ्युदयिता समन्वयक (104), शीर्ष रैंकिंग ग्राम पंचायतों के सरपंच (104), निम्न रैंकिंग ग्राम पंचायतों के सरपंच (156), पंचायत सचिव/सहायक सचिव (52) तथा 16 लाइन विभागों के नोडल अधिकारी शामिल होंगे।

कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में पंचायतों के सुशासन को सुदृढ़ करना, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना और पीएआई 2.0 के माध्यम से पंचायतों की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।

## भोपाल की ताल के चौपाल से

# महिला अफसरों पर साहब की मेहरबानी क्यों? नेताजी का नृत्य और कलेक्टर साहब ने कर दिया खेला!

**बोल हरि बोल**



हरीश दिवेकर

मध्यप्रदेश में सत्ता और अफसरशाही में हलचल तेज है। हॉटसीट की जंग जारी है, ईमानदारी के झंडाबरदारों पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि प्रमोटी कलेक्टर साहब आदिवासियों की जमीन घोटाले में फंसे हैं। बुंदेलखंड के नेताजी के भजन ठुमके की भी चर्चा है। मध्यप्रदेश में सत्ता, संगठन और अफसरशाही में हर रोज नया नजारा सामने आ रहा है। अब अगले पांच दिन मंत्रालय चर्चाओं के बाजार से गर्म रहेगा, क्योंकि हॉटशीट की जंग तेज हो गई है। चर्चा यह भी है कि आखिर ईमानदारी के झंडाबरदार बड़े साहब मैडम अफसरों की करतूतों पर चुप्पी क्यों साधे हैं? इधर, प्रमोटी कलेक्टर साहब आदिवासियों की जमीन के खेल में सुर्खियां बटोर रहे हैं। उधर, बुंदेलखंड वाले नेताजी ने भजनों पर ठुमके लगाकर राजनीतिक पंडितों को नया मसाला दे दिया है, क्योंकि नेताजी की छवि एक शांत नेता के तौर पर रही है। किसान अपने किसान पुत्र नेता से जवाब मांग रहे हैं और कांग्रेस के नए कप्तानों की पहली क्लास दिल्ली में लग चुकी है। कुल मिलाकर, राजनीति हो या नौकरशाही, कहीं ठुमके हैं तो कहीं ठप्पे, कहीं सवाल हैं तो कहीं स्क्रिप्टेड जवाब। आप तो सीधे नीचे उतर आईए और हरीश दिवेकर के लोकप्रिय कॉलम बोल हरि बोल के रोचक किस्सों का आनंद लीजिए...

### मेहरबान, कदरदान, साहिबान.. शुरू हो गया काउंटडाउन

मंत्रालय की हॉट सीट का काउंट डाउन शुरू हो गया है। इस सीट के खाली होने में पांच दिन बचे हैं। वैसे तो बड़े साहब का कार्यकाल 31 अगस्त तक है, लेकिन 30- 31 को शनिवार-रविवार होने के कारण शुक्रवार को ही फैसला हो जाएगा। ये फैसला क्या होगा, ये अब तक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। मजे की बात है कि दोनों टीमें आश्वस्त हैं कि उनके अनुसार परिणाम आएगा। इस सीट पर कौन बैठेगा, इसे लेकर राजनेताओं की भी खासी रुचि है। क्योंकि पिछली बार जब इस सीट के लिए योग्य उम्मीदवार का चयन होना था, तब कुछ बड़े राजनेताओं ने भी दौड़भाग की थी।

### महिला अफसर और बड़े साहब!

मंत्रालय में इन दिनों खासी चर्चा है कि ईमानदारी का पताका लेकर चलने वाले बड़े साहब को महिला आईएएस अफसरों का भ्रष्टाचार क्यों नजर नहीं आता? दरअसल, महाकौशल के एक जिले में कलेक्टर मैडम जमकर बल्लेबाजी कर रही हैं, उनके चौके और छक्कों की खबर मंत्रालय के गलियारों में गूंज रही है। बड़े साहब के कानों तक भी ये बात पहुंची, लेकिन वे चुप्पी साधे हैं। इसी तरह मालवा के एक जिले के सीईओ के पद पर पदस्थ महिला आईएएस भी खेला कर रही हैं। उन्हें कुछ दिन के लिए कलेक्टर का चार्ज क्या मिला, मैडम ने वसूली तक शुरू कर दी। मजेदार बात ये है कि दोनों महिला आईएएस के करोड़पति बनने के सपने को पूरा करने के लिए उनके हमसफर मदद कर रहे हैं।

### प्रमोटी आईएएस का जमीन प्रेम

महाकौशल में आने वाले एक जिले के कलेक्टर साहब इन दिनों चर्चा में हैं। इन प्रमोटी आईएएस की बल्लेबाजी देखकर सीधी भर्ती के आईएएस अफसर जल रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन साहब ने आदिवासियों की 100 एकड़ जमीन का खेला कर दिया है। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस के टॉप लीडर ने सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय के अफसरों को फोन लगाकर ये जानकारी दी है। उन्होंने दावा भी किया है कि जल्द ही वे सारे दस्तावेजों के साथ कलेक्टर की पोल खोलेंगे। बताया जा रहा है कि आदिवासियों की करोड़ों की जमीनें औने पौने दामों में अपने नाते रिश्तेदारों के नाम पर करवा दी हैं। इस बात में कितना दम है, ये तो कांग्रेस नेता के खुलासे के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल तो कलेक्टर साहब मलाई के साथ चिंता में भी डूबे हैं।

### और जब मंच पर झूम उठे नेताजी

राजनीति के गलियारों में इन दिनों एक वीडियो खूब सुर्खियां बटोर रहा है। वीडियो में दिख रहे हैं बुंदेलखंड से ताल्लुक रखने वाले ठाकुर साहब। आमतौर पर ये नेताजी सधे हुए तेवर के लिए पहचाने जाते हैं, मगर इस बार तस्वीर कुछ और है। एक कार्यक्रम में जब भजन की स्वर-लहरियां गूंजीं तो नेताजी खुद को रोक नहीं पाए। मंच पर खड़े होकर कभी तालियां बजाईं, कभी भक्ति-गीतों पर झूमने लगे। वीडियो वायरल होते ही चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कोई इसे उनकी गहरी भक्ति बता रहा है तो कोई तंज कसते हुए पूछ रहा है कि क्या यह राजनीतिक वनवास खत्म होने की खुशी है या विरोधी पर गिरी किसी जांच की मेहरबानी? जो भी हो, नेताजी के नए अवतार से राजनीतिक पंडितों को मसाला दे दिया है।

### सरकार! कब होगी कार्रवाई?

अपराधियों को जमीन में गाड़ देने की चेतावनी देने वाले सूबे के पूर्व सरकार इन दिनों किसानों के निशाने पर आ गए हैं। वे बातें तो बड़ी-बड़ी करते हैं, लेकिन जमीन पर उसका असर कुछ ज्यादा नहीं होता। अब देखिए, कीटनाशक से उनके ही क्षेत्र के किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं हैं। नेताजी ने कीटनाशक कंपनियों पर कार्रवाई की बात तो कही है, लेकिन ये कार्रवाई कब होगी, ये किसी को नहीं पता। अब किसान नेताजी को कोस रहे हैं। उनका कहना है कि अपने आप को सिर्फ किसान पुत्र बताने भर से कुछ नहीं होता, किसानों की तकलीफों को सुलझाना भी होता है। अब देखना होगा कि नेताजी और उनकी सोशल मीडिया टीम कैसे इस डैमेज कंट्रोल को मैनेज कर पाएगी।

### कांग्रेस के नए कप्तानों की पहली क्लास

मध्यप्रदेश कांग्रेस में नए जिलाध्यक्षों के ऐलान के साथ ही असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं। सूबे के कई हिस्सों में विरोध दर्ज हो रहा है, लेकिन इन्हीं हलचलों के बीच अब पार्टी ने नए नवेले कप्तानों को संगठन की पाठशाला में उतार दिया है। कांग्रेस के नए राष्ट्रीय कार्यालय में पहली बार जिलाध्यक्षों की खास वर्कशॉप आयोजित की गई है। दिलचस्प यह है कि यह वर्कशॉप पूरे 9 घंटे चलेगी। इसमें राहुल गांधी सीधे तौर पर जिलाध्यक्षों से संवाद करेंगे और उन्हें कैडर मैनेजमेंट के गुर सिखाएंगे। कांग्रेस का यह कदम संदेश देता है कि पार्टी अब संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए आक्रामक मोड में उतर रही है। सवाल यही है कि क्या यह नई पाठशाला प्रदेश कांग्रेस को बिखराव से निकालकर एकजुटता की ओर ले जा पाएगी?

## न्यूज इन ब्रीफ

### देवेन्द्र नगर चाणक्यपुरी के पद्मावती निवास पर महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाया

**इंदौर** • अन्नपूर्णा रोड स्थित पार्श्वनाथ नगर के नवग्रह जिनालय पर साध्वीवर्या अमितगुणाश्रीजी म.सा. की शिष्या रम्याकीर्ति एवं काव्याकीर्ति म.सा. की निश्रा में ऐतिहासिक महावीर जन्मोत्सव का अनुष्ठान सौल्लास संपन्न हुआ। इस मौके पर लाभार्थी सुजान चौपड़ा दम्पति ने देवेन्द्र नगर चाणक्यपुरी स्थित पद्मावती निवास पर भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

### पूरे वर्ष लायंस क्लब्स चलाएंगे यातायात नियमों के पालन

**इंदौर** • लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3233 जी-1 द्वारा समाज के हित में वर्ष 2025-26 के दौरान यातायात नियमों के पालन करने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने, दुपहिया वाहनों का उपयोग करते समय हेलमेट पहनने, बालिकाओं के बीच पहुंचकर उन्हें गुड टच- बेड टच के फर्क को समझाने और शहर को नशा मुक्त बनाने की दिशा में अभियान चलाया जाएगा। लायंस इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ला. ए.पी. सिंह ने रविवार को कनाड़िया रोड स्थित मौर्या हिल्स, केबीसी कन्वेंशन हाल में आयोजित डिस्ट्रीक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल और उनकी कैबिनेट के संस्थापन समारोह में उक्त महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की और वहां मौजूद लोगों का आव्हान भी किया कि वे वाहन दुर्घटना से स्वयं के बचाने के लिए यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लेकर जाएं।

### पर्युषण महापर्व का विराट आयोजन आज शाम पीपली बाजार में-अनेक झांकियों से जगमगा उठेगा पूरा क्षेत्र


**इंदौर** • श्वेताम्बर जैन समाज के पर्युषण महापर्व में श्री नवकार परिवार के कल्याण मित्रों द्वारा सोमवार, 25 अगस्त को शाम 7.30 बजे से भगवान महावीर मार्ग, पीपली बाजार स्थित सफेद एवं लाल मंदिर सहित पूरे क्षेत्र में विराट महा श्रृंगार किया जाएगा। इस वर्ष यहां 16 महासतियों पर आधारित नाटिका का मंचन भी होगा और भारतीय संस्कृति के अनुरूप सोलह श्रृंगार में सज-धजकर आने वाली महिलाओं को विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे। लाल मंदिर में 2300 वर्ष प्राचीन संप्रति महाराजा द्वारा स्थापित सोलहवें शांतिनाथ भगवान को समर्पित मनोहर सेमलिया तीर्थ की और सफेद मंदिर में 16 महासतियों एवं 16 महाविद्या देवी पर आधारित झांकियां सजाई जाएंगी।

### आज लादूनाथ आश्रम पर जम्मा जागरण

**इंदौर** •माली मोहल्ला एमओजी लाइंस स्थित तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में भादवा सुदी दूज 25 अगस्त सोमवार को रात दस बजे एमओजी लाइन माली मोहल्ला स्थित महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरू आश्रम पर रामदेव बाबा का जम्मा जागरण आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा।

# ब्राह्मण गौरव पंडित विष्णु प्रसाद शुक्ला का तृतीय पुण्य स्मरण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** • इंदौर ही नहीं मध्य प्रदेश के ब्राह्मण समाज को एक करने वाले और ब्राह्मण एकता का परिचय देने वाले पंडित विष्णु प्रसाद शुक्ला की तृतीय पुण्य स्मरण पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक पंडित संजय शुक्ला, अनु बाजपेई के नेतृत्व में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा प्रातः 10:30 बजे कान्यकुब्ज कॉलेज पर पुष्पांजलि रखी गई है वही श्री परशुराम सेना द्वारा शाम 5:00 बजे श्री परशुराम वाटिका मरीमाता चौराहे पर पूर्व विधायक पंडित संजय शुक्ला और पंडित अनूप शुक्ल के नेतृत्व में पंडित विष्णु प्रसाद शुक्ला द्वारा स्थापित भगवान परशुराम जी की मूर्ति पर भी ब्राह्मण समाज के 3 वरिष्ठ लोगों का सम्मान समारोह साल शरीफ फल से किया जाएगा साथ ही पंडित विष्णु प्रसाद शुक्ला जी को पुनः स्मरण करते हुए ब्राह्मण समाज में किए गए कार्यों को लेकर बात रखी जाएगी और समस्त ब्राह्मण बांधों का के साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी जाएगी।

## सूरज बाई चौधरी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**देवास** • पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवास नारायण सिंह चौधरी की माता जी एवं हाटपीपल्या विधानसभा के विधायक मनोज चौधरी की दादी मां सूरज बाई चौधरी के दुखद निधन पर अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है जिसमें में बागली विधायक मुरली भंवरा खातेगांव विधायक आशीष शर्मा पूर्व विधायक पहाड़ सिंह कन्नौजे जनपद अध्यक्ष रेवाराम सारण रुपेश शर्मा राजेंद्र पंचोली अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू प्रदेश पदाधिकारी जिला पंचायत सदस्य बहादुर सिंह नेताजी संभाग पदाधिकारी ओम प्रकाश पटेल देवास के के कुंडल कन्नौद घनश्याम पटेल बावड़ी खेड़ा हाटपीपलिया विधानसभा इकाई अध्यक्ष पवन नागर बरोठा पूर्व सरपंच जगदीश यादव जिला पदाधिकारी रघुनाथ नायक हरिओम परमार ग्राम मौला मंडल अध्यक्ष अशोक कुमावत सागोनिया सरपंच रामदयाल बारेला सेक्टर अध्यक्ष लक्ष्छीराम उईके बलराम मालवीय दीपक सोनेर संतोष जाट राजेश तंवर डबल चौकी शोभा जोशी कन्नौद रेखा शर्मा सतवास डॉक्टर पुरुषोत्तम मीणा हरिओम जरेडा जिलवानी लखन लाल उईके रामचंद्र जाटव महेश नायक आनंद जोनवाल जगदीश प्रसाद परसाई गोपाल भलावी ओम उपाध्याय रामकिशोर यादव अमर सिंह मीणा सुरेश पटेल आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।



## सस्पेंड होने के, एक माह बाद भी नहीं जॉइन हुआ वनरक्षक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • वनरक्षक जुनैद अली कादरी को, जांच में अवैध वसूली में एक महा, पूर्व सस्पेंड कर दिया गया था सस्पेंड कर अलीराजपुर अटैच किया था लेकिन एक माह हो जाने के बाद भी वनरक्षक अलीराजपुर ज्वाइन नहीं हुआ, जबकि 48 घंटे मैं जॉइनिंग देना पड़ती है।

वनरक्षक इन्दौर में एक हाईप्रोफाइल मामले में फंसे पार्षद का रिस्तेदार बताया जा रहा है। साथ ही विभाग में भी नेतागिरी की धोंस जमा रखी है।

वनरक्षक जुनेद अली का 1 दिसंबर को धार जिले में अवैध वसूली के संबंध में सस्पेंड किया गया था उसके पश्चात उसे मानपुर रेंज कर दिया गया था

वही मानपुर में शाजापुर से लकड़ी चिरान की गाड़ी कोल्ड स्टोर मालिक से गाड़ी छोड़ने की शिकायत पर जांच एसडीओ महू द्वारा जारी है।

## अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ भी धूमधाम से मनाएगा अग्रसेन जयंती महोत्सव, शुरुआत 31 अगस्त से होगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाने के लिए महासंघ के संचालक मंडल एवं कार्यकारिणी की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष संजय गोयनका एवं महामंत्री विष्णु गोयल ने बताया कि रविवार, 31 अगस्त को डॉ. अग्रवाल आई हास्पिटल में सदस्यों का निशुल्क नेत्र परीक्षण कर उन्हें हेल्थ कार्ड दिया जाएगा, जिसका उपयोग वे पूरे वर्ष निशुल्क नेत्र परीक्षण के लिए कर सकेंगे। इसी तरह रविवार, 15 सितम्बर को समाजबंधुओं के लिए परिवहन नगर स्थित आनंद हा.से. स्कूल में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रविवार, 21 सितम्बर को वृद्धाश्रम में भोजन सेवा तथा 22 सितम्बर को अग्रसेन जयंती के महापर्व पर सुबह 7 बजे रणजीत हनुमान मंदिर में चोला समर्पित करने के बाद भव्य प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसका समापन पुखराज पैलेस पर महाराजा अग्रसेन की महाआरती के साथ होगा। बैठक में ओमप्रकाश चायवाले, पिंकेश मोदी, रमेशचंद्र अग्रवाल, धर्मेन्द्र गर्ग, अजय अग्रवाल रेवेन्यू, दिनेश गर्ग, अभिषेक सोनथलिया, प्रहलाद गर्ग, मनोज अग्रवाल टायर, गौरव अग्रवाल, शालिनी दीपक मोदी, रेखा-नितेश अग्रवाल एवं रिंकू-राजेश सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजबंधु उपस्थित थे। बैठक में संस्था के सदस्य परिवारों की सम्पूर्ण जानकारी सहित एक परिचय पुस्तिका के प्रकाशन का भी निर्णय लिया गया। इस पुस्तिका में अन्नपूर्णा क्षेत्र में संचालित विभिन्न ट्रस्टों के चिकित्सालय में उपलब्ध रियायती सुविधाओं की जानकारी एवं अन्य उपयोगी जानकारियां भी शामिल रहेंगी।

# सिंगाजी ग्राम की 15 वर्षीय दीपिका ढीमर ने राष्ट्रीय स्तर की केनों प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीता सिल्वर मेडल

### दीपिका द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए किया जा रहा है खंडवा जिले का देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम।

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**




इच्छा शक्ति हो तो सभी कार्य सफल होते हैं सिंगाजी महाराज के आशीर्वाद से सिंगाजी गांव की गरीब परिवार की बेटी अंतर्राष्ट्रीय मेडलिस्ट 15 वर्षीय दीपिका डीमर ने राष्ट्रीय स्तर की खेलो इंडिया प्रतियोगिता कायकिंग कैनोइंग जो कश्मीर में आयोजित हुई मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सी 2 वुमन 500 मीटर में सिल्वर मेडल जीतकर एक बार फिर खंडवा जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। समाजसेवी सुनील जैन ने दीपिका को बधाई देते हुए बताया कि खंडवा जिले जिले के सिंगाजी में गरीब परिवार में रहने वाली नाव से मछली पकड़कर परिवार के पालन पोषण के साथ नाव चलाना भी सिखती रही और लगातार आगे बढ़कर वह आज एक अच्छी खिलाड़ी बन चुकी है जिसका नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रचलित है। दीपिका डिमर अभी तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एशियाई चैंपियन थाईलैंड में ब्रांच मेडल सीनियर नेशनल चैंपियन में तीन ब्रांच एक सिल्वर जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में तीन गोल्ड सिल्वर के साथ के साथ राष्ट्रीय स्तर की कश्मीर में आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 15 वर्षीय दीपिका ढीमर ने अब तक 10 पदक प्राप्त कर लिए हैं। उनकी बड़ी बहन कावेरी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 50 से अधिक पदक जीतकर भारत सरकार द्वारा उन्हें नेवी में अधिकारी की पोस्ट पर नियुक्त किया गया है। दोनों बहने सिंगाजी के साथ खंडवा जिले का नाम रोशन कर रही है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विगत दिनों दोनों बहनों से आधा घंटा चर्चा कर स्वागत अभिनंदन जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक मनोज राय द्वारा किया किया जाकर उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की थी।

## जिनशासन के जयघोष, घंटे-घड़ियाल और मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि के बीच हुआ प्रभु महावीर का जन्म वाचन प्रसंग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** •

शहर के समूचे श्वेताम्बर जैन समाज ने रविवार को महावीर मार्ग, पीपली बाजार स्थित लाल-सफेद मंदिर परिसर पर निर्मित पांडाल में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ जमा होकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन प्रसंग मनाया। जैसे ही जैनाचार्य प.पू. विश्व रत्न सागर म.सा. ने भगवान के जन्म की उदघोषणा की, समूचा परिसर जिनशासन के जयघोष, घंटे-घड़ियाल और मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि, अक्षत वर्षा, केशर छापे एवं भगवान के जयघोष से गूंज उठा। उपस्थित जनसमूह ने हजारों श्रीफल बधारे । इसके पूर्व 5 हजार से अधिक समाजबंधुओं ने जैनाचार्य से आधि-व्याधि और उपाधि नाशक महामांगलिक का पुण्य लाभ उठाया। आयोजन के लाभार्थी विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ परिवार ने पूरे समय महामांगलिक का लाभ लिया। शाम को रेसकोर्स रोड, दिलपसंद कालोनी स्थित समाजसेवी पुण्यपाल सुराना के निवास पर भगवान के पालनाजी के जागरण का भक्तिभाव से भरपूर आयोजन भी संपन्न हुआ।

## सम्पादकीय

### सिरवेल के पहाड़ों पर उम्मीद का उजाला - स्वास्थ्य सेवाएँ अब गाँव की चौखट पर

इंदौर संभागायुक्त की पहल पर खरगोन जिले के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र सिरवेल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ने आदिवासी अंचल में आशा की नई किरण जगाई है। वर्षों से कठिनाइयों और अभाव के बीच जी रहे ग्रामीणों ने पहली बार महसूस किया कि स्वास्थ्य सेवाएँ केवल बड़े शहरों की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके गाँव की चौखट तक भी पहुँच सकती हैं। सुबह से ही ग्रामीण परिवारों का मेला सा लग गया। कुल 2777 मरीजों का पंजीयन इस बात का प्रमाण है कि यह पहल कितनी जरूरी थी। सोनोग्राफी, मैमोग्राफी, ईसीजी और डिजिटल एक्स-रे जैसी आधुनिक जांच मशीनों ने पहाड़ों के बीच बसे इन गाँवों को पहली बार महानगर जैसा अनुभव दिया। जहां पहले इलाज करवाने के लिए लोग कई किलोमीटर पैदल चलकर जिला अस्पताल तक पहुँचने को मजबूर होते थे, वहीं अब उनके गाँव में ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम दवा और परामर्श देने पहुँची। इस शिविर की सबसे भावुक झलक रही दो मासूम बच्चों की कहानी। आठ माह का आर्यन और सात वर्षीय अरविंद हृदय रोग से पीड़ित पाए गए। उनके लिए ओपन हार्ट सर्जरी निशुल्क की जाएगी। माता-पिता की आँखों से छलकते आँसू बताते थे कि यह केवल एक चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि जीवन का वरदान है। डॉ. रविरंजन त्रिपाठी जैसे अनुभवी विशेषज्ञों ने ग्रामीण अंचल में आकर यह भरोसा दिलाया कि अब जीवन बचाने के लिए शहरों के दरवाजे खटखटाना ही एकमात्र विकल्प नहीं रह गया है। अरबिंदो अस्पताल की मोबाइल एक्स-रे मशीन और विशेषज्ञ टीम ने मौके पर ही मरीजों की जांच कर उन्हें तत्काल उपचार उपलब्ध कराया। दंत रोग, नेत्र रोग, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थायरॉइड और कैंसर जैसी बीमारियों की जाँच कर लोगों को दवाइयाँ दी गईं।

# क्या भाजपा का अगला टारगेट पश्चिम बंगाल है?

दिल्ली चुनाव में मिली जीत ने भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा दिया है। दिल्ली में करीब 28 साल बाद भाजपा की सरकार बनी इस जीत के बादभाजपा बंगाल में ममता बनर्जी का किला ध्वस्त करने में लग गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी जीत के साथ ही भाजपा नेताओं की नजर अब फिर से बंगाल पर टिक गई है। बंगाल के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इंटरनेट मीडिया पर लिखना शुरू कर दिया कि इस बार लक्ष्य बंगाल, 2026 में बंगाल की बारी। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के मुताबिक बड़े पैमाने पर वित्तीय भ्रष्टाचार, लोकलुभावन योजनाओं, दान वितरण और व्यक्तिवाद के आरोप ही वे तीन मुख्य तत्व हैं जो दिल्ली की तरह बंगाल की राजनीति में समान हैं। बंगाल में अपनी जीत को पक्का करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हालिया तीन बार चक्कर लगा चुके है व करोड़ों रुपयों की परियोजनाओं का ऐलान कर चुके है . ताज़ा दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसी सरकार को दोबारा निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के शिक्षक भर्ती घोटाले का जिक्र करते हुए कहा है टीएमसी ने भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कह कि टीएमसी सरकार ने न सिर्फ गलत ढंग से नौकरी दी बल्कि शिक्षकों के परिवारों को तबाह कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी के भ्रष्टाचार के कारण बंगाल में मची चीख-पुकार, लोग कह रहे हैं कि अब नहीं चाहिए टीएमसी की सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी के नेता भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। वह कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल सरकार की तुलना निर्मम सरकार से की, हालांकि उन्होंने अपने संबोधन में ममता बनर्जी का नाम नहीं लिया। उन्होंने टीएमसी सरकार कहकर ही हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल कि जनता से कहा कि पश्चिम बंगाल कई संकटों से घिरा हुआ है। पहला संकट समाज में फैली हिंसा और अराजकता है। दूसरा संकट माताओं-बहनों का असुरक्षा है। तीसरा संकट नौजवानों में घोर निराशा आ रही है। टीएमसी अपनी गलती मानने के लिए तैयार नहीं है। घोटालेबाजों ने सैकड़ों लोगों को अंधकार में धकेल दिया। टीएमसी सरकार दोषियों को




बचाने की कोशिश में है। उन्होंने सवाल किया कि टीएमसी सरकार को गरीबों की कमाई पर डाका डाल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में जो कुछ हुआ, मालदा में जो कुछ हुआ।वो यहां की टीएमसी सरकार की निर्ममता का उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं किया गया है। उन्होंने आयुष्मान योजना से लेकर प्रधानमंत्री सड़क योजना का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी की सरकार को विकास से कोई लेनादेना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 90 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को बंगाल सरकार ने रोका हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने इनमें हाईवे और मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा टीएमसी सरकार ने लटकाकर रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ताधारी पार्टी स्वार्थ की राजनीति कर रही है। उन्होंने बंगाल में बंद रहे टी-गार्डन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार को आदिवासियों से कोई लगाव नहीं है। टीएमसी आदिवासी समाज को वंचित रखना चाहती है। पार्टी ने आदिवासी महिला राष्ट्रपति का विरोध किया। जनमन योजना भी लागू नहीं होने दी जा रही है।टीएमसी के नेताओं ने पाप किया है। बंगाल में कोर्ट को बार-बार दखल देना पड़ता है। बंगाल में चीख पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार । बंगाल में गुंडागर्दी की खुली छूट दी गई है। बंगाल की जनता को टीएमसी पर नहीं, कोर्ट पर भरोसा है। सत्ताधारी दल के नेता ही लोगों के घरों को जलाते हैं।

इधर अमित शाह भी बंगाल का किला फतह करने में कोई कोए कसर नहीं छोड़ रहे है . उनकी पहचान भाजपा के %चाणक्य% के रूप में होती है। शाह के लिए यह विशेषण यूं ही नहीं बन गया है। शाह ने चुनावी राजनीति में गुजरात से लेकर दिल्ली तक अपनी काबिलियत को साबित किया है। पार्टी अध्यक्ष के रूप में शाह ने भाजपा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके तालमेल की तो मिसाल दी जाती है। कहा जाता है कि शाह जो लक्ष्य तय करते हैं उसे हर हाल में पूरा करके ही छोड़ते हैं। अब पार्टी के इस कुशल रणनीतिकार ने अपने लिए पश्चिम बंगाल को बड़े लक्ष्य के रूप में तय किया है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर शाह ने यह लक्ष्य क्यों रखा है। जानते हैं इसके बारे में।अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव और आरजी कर की घटना के बाद शाह हाल ही में पहली बार पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे थे। शाह ने यहां पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही शाह ने घोषणा की किभाजपा का %अगला बड़ा लक्ष्य% 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में सरकार बनाना है। गौरतलब है कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में बंगाल से 30 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसे 2019 की तुलना में छह कम यानी 12 सीट पर जीत मिली। पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीट हैं। राज्य में संदेशखाली का मुद्दा काफी गरम रहा था। इस मुद्दे को लेकरभाजपा ने महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरने का पुरजोर प्रयास किया था। पार्टी ने संदेशखाली पीड़ित में से एक रेखा पात्रा बशीरहाट लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाकर एक संदेश देने की कोशिश भी की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखा पात्रा को शक्ति स्वरूपा तक कहा था। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी खुद बंगाल जाककर संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले थे। हालांकि,भाजपा महिला सुरक्षा जैसे मजबूत मुद्दे को भुनाने में असफल रही थी। इससे पार्टी को बड़ा झटका लगा था। ऐसे में शाह में संदेशखाली मुद्दे को पार्टी की तरफ से नहीं भुना पाने की टीस तो जरूर रही होगी। ऐसे में शाह नहीं चाहते हैं कि वह अगली बार विधानसभा चुनाव में किसी भी तरह से पिछड़ें।

देखा जाय तो इस समय पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार अपनी स्थिति मजबूत किए हुए हैं। पश्चिम बंगाल में अब तक मोदी लहर से लेकर शाह की रणनीतिक बेअसर रही है।भाजपा तमाम कोशिशों के बावजूद यहां मजबूत स्थिति में खुद को नहीं पहुंचा पाई है। ममता ने विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी अपनी ताकत का अहसास दिया है। बंगाल में लोकसभा चुनाव में जीत से ममता यह संदेश देने में कामयाब रही हैं कि बंगाल में उनका अभी कोई विकल्प नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ ही लोगों के एक वर्ग में यह राय भी बन गई है किभाजपा का जादू बंगाल में फेल हो जाता है। ऐसे में शाह के सामने सबसे बड़ी चुनौती बंगाल में ममता को पटखनी देकरभाजपा का दम दिखाना है।

अमित शाह ने 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में दो तिहाई बहुमत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शाह ने पार्टी सदस्यों से राज्य में अपने प्रभाव को कम नहीं आंकने का आग्रह किया है। शाह एक कुशल रणनीतिकार की तरफ से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।भाजपा ने राज्य में सदस्यता अभियान के दौरान पिछली बार 88 लाख से अधिक सदस्य बनाए थे। मौजूदा समय में पार्टी में अधिक सांसद और विधायक हैं। ऐसे में पार्टी का लक्ष्य एक करोड़ सदस्यों को पार करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं को यह विश्वास दिला रही है कि वे चुनौती को स्वीकार करते हुए पार्टी के लक्ष्य को हासिल करने में जुट जाएं। इस समय मजबूत संगठन, नए चेहरों को लाना भी एक चुनौती है क्योंकि भाजपा का राज्य में प्रदर्शन टुकड़ो-टुकड़ों में रहता है। पार्टी एक साथ पूरे राज्य में मजबूत नजर नहीं आती है। नार्थ परगना, साउथ परगना, कोलकाता, हावड़ा और हुगली में पार्टी का संगठन तुलनात्मक रूप से कमजोर है। इस क्षेत्र में 16 लोकसभा सीटों आती हैं। 2019 के चुनाव मेंभाजपा ने 16 में से महज 3 सीटे ही जीती थी। इस बार यह प्रदर्शन और भी कमजोर रहा। राज्य में दिलीप घोष, सुवेंदु अधिकारी, तापस रॉय जैसे गिने-चुने ही चेहरे नजर आते हैं। ऐसे में शाह की नजर राज्य में क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत चेहरों को सामने करने की होगी। इस तरह शाह के लिए पश्चिम बंगाल में अगले दो साल रणनीतिक रूप से काफी अहम है। शाह के सामने ममता के मजबूत किले को ध्वस्त करने की चुनौती है।

**अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिली बड़ी सौगात- सांसद पटेल

### शासकीय विधि महाविद्यालय बड़वानी एवं क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन में एल.एल.एम. (स्ङ्घह्लद्गह्म् श्वद्घ स्ङ्घ2) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति

**खरगोन/बड़वानी • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन-बड़वानी के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। लंबे समय से विद्यार्थियों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा की जा रही मांग पर अब क्षेत्र में एल.एल.एम. (स्ङ्घह्लद्गह्म् श्वद्घ स्ङ्घ2) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस संदर्भ में क्षेत्रीय सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने बताया कि इस मांग को लेकर लगातार प्रयास किए गए और उच्च शिक्षा विभाग से आग्रह किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, अब शासकीय विधि महाविद्यालय, बड़वानी एवं क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन में स्नातकोत्तर विधि पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।



सांसद पटेल ने कहा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उच्च शिक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। एल.एल.एम. पाठ्यक्रम की शुरुआत हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और विधि शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने आगे कहा कि इस निर्णय से न केवल खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि आस-पास के जिलों के विधि के विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही इस निर्णय को क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अत्यंत सराहनीय कदम बताया है।

### युवक ने जहर पिया, परिजन बोले- दूसरी पत्नी से है प्रताड़ित

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

गंज बाजार में रहने वाले एक युक्क ने रविवार रात जहर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। वह अस्पताल में भर्ती है। परिजन का आरोप है कि दूसरी पत्नी उसे प्रताड़ित करती थी। पुलिस के अनुसार गंज बाजार निवासी मो. अजहर ने जहर पी लिया था। अजहर ने दो निकाह किया था। शहर में रहने वाली पहली पत्नी का आरोप है कि पति ड्राइवर है। जलगांव की युवती ने जाल में फंसाकर उनसे निकाह किया। फिर उनका विवाद हुआ। उसने तलाक के नाम पर सवा लाख रुपए तक वसूल लिए। वह बार-बार धमकियां दे रही थी कि तुम्हारे और परिवार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराकर जेल में डलवा दूंगी। अजहर इसी बात से परेशान था।

### पुलिस द्वारा 64 लीटर अवैध शराब की गई जप्त, आरोपियों को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

पुलिस अधीक्षक खण्डवा मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) खण्डवा राजेश रघुवंशी व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मूंदी के मार्गदर्शन में दिनांक 24.08.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अट्ठूखास कालमुखी रोड़ पर मण्डी के पास दो व्यक्ति शराब लेकर खड़े है?। सूचना पर विश्वास कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर जाकर पुलिस बल व पंचान की मदद से घेराबंदी कर 02 व्यक्ति चन्द्रपाल उर्फ कालु पिता अमानसिंग पंवार जाति भिलाला उम्र 30 साल नि. ग्राम आमोदा व सुखराम पिता गुलाबसिंग सोलंकी जाति भिलाला उम्र 40 साल नि. ग्राम आमोदा थाना धनगाव को पकड़ा, जिनके कब्जे से 05 प्लास्टिक की केनों में कुल 64 लीटर कच्ची हाथ



भट्टी महुआ कीमती 3840/- रुपये की विधिवत जप्त कर उक्त दोनों आरोपीयों को गिरफ्तार कर थाना धनगांव पर अपराध क्रमांक 193/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान आरोपियों को माननीय न्यायालय खण्डवा पेश किया गया जहाँ से आरोपियों को जिला जेल खण्डवा दाखिल किया गया।

**सराहनीय भूमिका:-** निरीक्षक जी.पी. वर्मा, प्र.आर. 216 सचिन पाटील, आरक्षक 823 आकाश, प्र.आर. चालक 639 प्रफुल्ल प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही है।

नगर पालिका बनी भ्रष्टाचार का गढ़ !

### रसूखदारों के अवैध निर्माण पर चुप्पी आमजन पर बरसी नपा की गाज

**रविन्द्र परमार**
**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

नगर पालिका की कार्यप्रणाली में भ्रष्टाचार और पक्षपात की गंध अब शहर में तेज़ी से फैल रही है। लगातार खबरों के कारण शहर की जनता मनीष महाजन पर सवाल खड़े कर रही है अवैध निर्माण पर कार्रवाई के नाम पर चुनिंदा नोटिस, रसूखदारों की फाइलें दबा दी गईं और आम लोगों पर कार्रवाई का हथौड़ा चलाया जा रहा है इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है सहायक यंत्री मनीष महाजन, जो परमिशन विभाग के हेड हैं। उन्होंने सीएमओ और अध्यक्ष तक को गलत जानकारी देकर गुमराह किया हुआ है ताकि रसूखदारों को बचाया जा सके।

**सीएम हेल्पलाइन की बाढ़ क्यों** - लोगों के आरोप सीधे ऑनलाइन परमिशन सिस्टम पर भी हैं। महाजन पर आरोप है कि ऑनलाइन प्रक्रिया को भी धांधली का हथियार बना दिया गया है। यही कारण है कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

**सीएमओ पर फटकार - वजह सिर्फ महाजन-** नगर पालिका के अंदरूनी सूत्र मानते हैं कि सीएमओ को बार-बार मिलने वाली फटकार की असली वजह महाजन की कार्यप्रणाली है। उनकी मनमानी और कथित रिश्वतखोरी का खामियाज़ा पूरा नगर पालिका और उसकी छवि भुगत रही है। आज भी कई लोग जब सीएमओ से मिलने जब जाते है तो सीएमओ




मनीष महाजन के पास भेज रही है इसका कारण सिर्फ ये है मेडम यहां के लिए नई है वो सभी को नहीं जानती और मनीष महाजन यहां के स्थानीय है वो सबको अच्छे से जानते है इसी बात का फायदा उठा कर मेडम के नाम से साठगांठ का खेल चल रहा है जिससे मेडम भी अनजान नहीं है इनके कारण मेडम के बारे में कई अटकलें लगाई जा रही है नपा में चर्चा तो यहा तक हो रही है मेडम ने ही इन्हें लूटने की खुली छूट दे रखी है जिसका महाजन फायदा ले रहे ओर अपनी मनमानी कर रहे है सीएमओ ओर अध्यक्ष तक जो पहुंचना चाहिए वो नहीं पहुंच रहा असली मलाई मनीष महाजन खुद खा रहा है । साथ ही झूठ बोलकर दोनों को गुमराह कर रहा है देने वाले से पूछताछ करे कौन ? मनीष महाजन के करीबी ठेकेदारों का कहना है कि अध्यक्ष से नहीं बनने के कारण इनकी विदाई कभी भी हो सकती है जब तक जितना कमाना हो कमा लो इसी जुगाड में लगे है । सीएमओ मेडम की मजबूरी है इनसे काम लेना, लेकिन मेडम को इनकी कार्यप्रणाली पर नजर रखना होगा मेडम ये मान चुकी है ओर जन गई है कि इनके कहने पर पहले भी एक गलत कंपाउंडिंग के कारण मेडम को कई बार फटकार लग चुकी है।



### अरविंद और आर्यन के दिल की इंदौर मे होगी मुफ्त सर्जरी

#### इंदौर सम्भागायुक्त की पहल पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र सिरवेल में आयोजित हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन जिले के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र सिरवेल में पहली बार ऐसा अवसर आया। जहां न सिर्फ विशेषज्ञ चिकित्सक बल्कि अत्याधुनिक स्तर की मशीनों के द्वारा मरीजों की आवश्यक जांच के बाद उपचार हुआ। पहाड़ी क्षेत्र के ऐसे नागरिक जो ठीक से जिला चिकित्सालय नही पहुँच पाते थे। आज पास उनके गांव में इंदौर के विशेषज्ञ डॉक्टर स्वास्थ्य उपचार के लिए पहुँचे। यह सब इंदौर सम्भागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर शुरू हुआ है। इंदौर सम्भाग में ऐसे शिविर नवम्बर माह तक जनजातीय व रिमोड क्षेत्रो में आयोजित होंगे। उसी श्रृंखला में रविवार को सिरवेल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। सीएमएचओ डॉ. एमएस सिसोदिया ने बताया कि दोपहर 3 बजे तक 2777 मरीजों का पंजीयन किया गया था। शिविर में इंदौर के शंकरा नेत्र हॉस्पिटल के अलावा अरविंदो अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सको ने लगन के साथ मरीजों का उपचार किया। कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशन में जिले के करीब 100 से अधिक अमले ने इंदौर के चिकित्सकों ने मार्गदर्शन में कार्य किया। भगवानपुरा विकासखंड के वन परिक्षेत्र कार्यालय एवं बालिका छात्रवास सिरवेल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

**छाती में दर्द की जांच के लिए पहुँचे 23 वर्षीय करण** - स्वास्थ्य शिविर में चिरमुंडी के 23 वर्षीय करण पिता नानजीया अपने छाती के दर्द की समस्या की जांच के लिए पहुँचे थे। करण लंबे समय से छाती में उठने वाले दर्द से परेशान थे, जिस कारण उनके मन में चिंता बनी हुई थी। जब उन्हें पता चला कि सिरवेल में बड़े डॉक्टरों की उपस्थिति में निशुल्क इलाज करने शिविर लगाया जा रहा है, तो उन्होंने भी पहली बार अपनी छाती का ईसीजी टेस्ट करवाया।

### गणेश उत्सव के सुचारु आयोजन हेतु महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने आयोजित की आपात बैठक

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

शनिवार को बुरहानपुर में एक दुखद घटना हो गई। खंडवा के हाटकेश्वर वार्ड के गणेश मंडल के युवा मूर्ति लाने बुरहानपुर गए थे मूर्ति लेकर आ रहे थे तभी गढो के कारण मूर्ति के गिर जाने से 26 वर्षीय शशांक जोशी की दुखद मृत्यु हो गई। घटना को लेकर खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव ने तत्काल रविवार छुट्टी के दिन सभी निगम के अधिकारियों और इंजीनियरों को बुला नगर निगम सभागृह में बैठक ली। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गणेश उत्सव की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आज नगर निगम सभागृह में महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव की अध्यक्षता में तकनीकी अधिकारियों की आपात बैठक संपन्न हुई। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस पर्व के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की आस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।बैठक की शुरुआत में महापौर श्रीमती यादव ने हाल ही में बुरहानपुर में हुई दुखद घटना में खंडवा की 26 वर्षी शशांक जोशी का दुखद निधन हो जाने पर शोक व्यक्त किया और कहा कि खंडवा में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रशासन को पहले से सतर्क रहकर व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों से मिली सूचनाओं के अनुसार सड़कों पर गड्ढों और अवरोधों के कारण भारी मूर्तियों के आवागमन में कठिनाई हुई थी, जिससे दुर्घटनाएँ भी हुईं। अतः खंडवा नगर निगम को इस दिशा में विशेष रूप से सक्रिय और जिम्मेदार रहना होगा।महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने अधिकारियों को निम्न निर्देश प्रदान किए।शहर के विभिन्न गणेश पंडालों तक पहुँचने वाले मार्गों एवं विसर्जन मार्गों का तत्काल निरीक्षण कर समयबद्ध मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाए। जलभराव या अन्य अवरोध हों तो उन्हें प्राथमिकता से दुरुस्त किया जाए।

प्रत्येक तकनीकी अधिकारी अपने-अपने वार्डों का व्यक्तिगत निरीक्षण करसमस्याओं की पहचान करें और त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। विसर्जन स्थल तक जाने वाले मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था, सफाई एवं सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाऐ। महापौर श्रीमती यादव ने कहा कि गणेश उत्सव नगर की परंपरा और आस्था से जुड़ा पर्व है। इसलिए नगर निगम की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### जीवन देने से बड़ा कोई धर्म नहीं, विश्व बंधुत्व दिवस पर भाग्योदय भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में 121 लोगों ने किया रक्तदान

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

विश्व बंधु दिवस के अवसर पर 24 अगस्त रविवार को ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के खंडवा सेवाकेंद्र भग्योदय भवन आनन्द नगर मे संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाई गई, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस उपलक्ष्य में संस्थान एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सुबह 9 बजे खंडवा शहर कि महापौर बहन अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष बहन पिंकी वानखेड़े, खण्डचिकित्सा अधिकारी डॉ एनके सेठिया, करणि सेना अध्यक्ष अनुराधा सोलंकी ने किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम संस्था कि पुर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी को श्रद्धांजलि अर्पित कि गई तत्पश्चात खंडवा शहर के रक्तदाता



जिन्होने 30 से अधिक बार रक्तदान कर जीवन बचाने वाले समाज सेवको को शाल श्रीफल और ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर संस्था प्रभारी बीके शक्ति दीदी ने जानकारी देते हुए कहा कि संस्थान द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर भारत एवं नेपाल में एक विशाल रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय दल की अगवाई करेंगे पीवी सिंधु-लक्ष्य सेन



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन फ्रांस के पेरिस में सोमवार से शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल की अगवाई करेंगे। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता बैडमिंटन की सबसे प्रतिष्ठित चैंपियनशिप मानी जाती है। यह ओलंपिक वर्षों को छोड़कर हर वर्ष आयोजित होती है। यह टूर्नामेंट सधु के लिए मौजूदा सीजन को संभालने का बड़ा अवसर है। महिला एकल विश्व रैंड्क्षकग में 15वें स्थान पर काबिज ड्क्षसधु अपने पहले राउंड में बुल्गारिया की विश्व नंबर 66 और दो बार की यूरोपीय जूनियर चैंपियन कलोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। इसके अलावा भारतीय पुरुष एकल में लक्ष्य सेन, जो बैडमिंटन में 21वें स्थान पर हैं। उन्हें पहले ही राउंड में कठिन चुनौती मिली है। उनका मुकाबला विश्व नंबर वन चीन के शी युकी से होगा।

# विधि, दर्शिता, देवीशी व तान्या को योग स्पोर्ट्स में स्वर्ण



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर कार्पोरेशन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा राजमोहल्ला स्थित श्री वैष्णव एकडेमी में आयोजित इंदौर जिला योग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के मिनी, सब जूनियर, जूनियर व सीनियर आयु वर्ग में क्रमश: विधि चौहान, दर्शिता पचौरी, देवीशी गुप्ता व तान्या सेन ने स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया । विजेता खिलाड़ियों को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज कैरो, मप्र योगा एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, महेंद्र बुराड़िया, ईश्वर सिंह चौहान ने पुरस्कृत किया । अतिथियों का स्वागत अनुराग तिवारी, राधेश्याम शर्मा, रोहित बाजपई, प्रदीप तिवारी, मिनाक्षी गुप्ता आदि ने किया । कार्यक्रम का संचालन रुद्राक्ष शर्मा एवं आभार प्रदर्शन मानसी बागोरा ने किया । प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है-

**बालिका वर्ग**- मिनी- विधि चौहान स्वर्ण, जिनल रावत रजत, रीत श्रीवास्तव कांस्य । सब जूनियर- दर्शिता पचौरी स्वर्ण, अवनी यादव रजत, सुनैना विश्वकर्मा कांस्य । जूनियर- देवीशी गुप्ता स्वर्ण, मिशा पटेल रजत, अनन्या तिवारी कांस्य । सीनियर- तान्या सेन स्वर्ण, राशि चौहान रजत, खुशी चौहान कांस्य ।

**बालक वर्ग**- मिनी- रेयांश माली स्वर्ण, शिवाय जोशी रजत, अर्णव निगम कांस्य । सब जूनियर- अंश रघुवंशी स्वर्ण, प्रिंस मनावरे रजत, प्रियज गुप्ता कांस्य । जूनियर- कीर्तन गेहलोद स्वर्ण, चिन्मय मंगवानी रजत, कृष मंघनानी कांस्य । सीनियर- आदित्यराज सोनी स्वर्ण, कुलश्रेष्ठ सिंह रजत, लक्ष्यजीत चौहान कांस्य ।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**श्यामकेंट (कजाकिस्तान) (एजेंसी)** • एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में रविवार को भारत के ऐश्वर्या प्रताप ड्क्षसह तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में ऐश्वर्य प्रताप ड्क्षसह तोमर ने चीन के झाओ वेन्यू (462.0) को पछाड़ कर 462.5 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ऐश्वर्य का इसी स्पर्धा में यह दूसरा एशियाई खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2023 में भी स्वर्ण पदक जीता था। अखिल श्योराण ने भी इस साल फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन पांचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज चैन ड्क्षसह चौथे स्थान पर रहे। जापान के नाओया ओकाडा ने कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्य तोमर, चैन ड्क्षसह और अखिल श्योराण की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1747 अंकों के साथ रजत पदक भी जीता।

## सिने जगत

# 'परम सुंदरी' में कैसा है जान्हवी का किरदार



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने बताया है कि उनकी आने वाली फिल्म 'परम सुंदरी' में उनका किरदार हाफ मलयाली और हाफ तमिलियन है। जान्हवी कपूर अपनी आने वाली रोमांटिक कॉमेडी 'परम् सुंदरी' के ज़रिए दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। अलग-अलग शैलियों की फ़िल्में करने के बाद, इस बार जान्हवी के लिए यह फ़िल्म उस जॉनर में वापसी है जिसे करने की उनकी लंबे समय से इच्छा रही है। जान्हवी ने कहा, कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि ऑडियंस के तौर पर भी, मैं बहुत दिनों से एक रोम-कॉम करना चाहती थी। ऐसी हल्की-फुल्की रोमांटिक मूवी, जिसे देखते हुए चेहरे पर मुस्कान आ जाए। आखिरकार मैंने ऐसी कहानी कर ली है, जो मुझे मेरी जड़ों की ओर वापस ले जाती है। जान्हवी ने फ़िल्म परम सुंदरी में अपने किरदार के बारे में दिलचस्प बात भी साझा की। उन्होंने कहा, मैं मलयाली नहीं हू, न ही मेरी मां थीं। लेकिन मेरी फ़िल्म का किरदार हाफ तमिलियन और हाफ मलयाली है।

# हर फिल्म ने मुझे कुछ नया सिखाया - तनीषा मुखर्जी

**मुंबई (एजेंसी)** • एक्ट्रेस तनीषा मुखर्जी का कहना है कि उनके करियर में आई हर फिल्म ने उन्हें अलग अनुभव और सीख दी है। एक्ट्रेस का कहना है कि हर प्रोजेक्ट ने उन्हें एक कलाकार के रूप में निखारा। तनीषा बताती हैं कि चाहे भावनाओं से भरी टैंगो चार्ली हो, कॉलेज लाइफ पर बनी पॉपकॉर्न, रोमांस से भरी नील एन निक्की, राजनीति पर आधारित सरकार या फिर कॉमेडी फिल्म 123 हर फिल्म ने उनके करियर की यात्रा में एक अलग छाप छोड़ी। तनीषा ने कहा कि टैंगो चार्ली में बॉबी देओल के साथ निभाया गया उनका किरदार 'लच्छी' उनके लिए बेहद खास रहा, जिसमें उन्होंने गहरी भावनाओं को पर्दे पर उतारा।



## उज्जैन संभाग

# जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और छात्रों ने बनाये मिट्टी के गणेश



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • गणेश उत्सव को पर्यावरण अनुकूल और सनातन संस्कृति के अनुरूप त्योहारों को मनाने के अभियान के अंतर्गत विधायक अनिल जैन कालुहेडा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के आवाहन पर शहर के 35 विद्यालयों के लगभग पांच हजार विद्यार्थियों और 6 सौ शिक्षकों एवं प्राचार्यो ने मिट्टी के गणेश निर्माण कार्यशाला मे भाग लिया । यह कार्यक्रम चिमनगंज मण्डी मे आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालुहेडा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, संजय अग्रवाल, राजेन्द्र भारती, जगदीश पांचाल, इकबाल सिंह गांधी, शिवेंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे । विधायक श्री जैन ने उपस्थित छात्रों आदि को प्लास्टिक के गणेश का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई । कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने उपस्थित छात्रों आदि को संबोधित करते हुए कहा कि जिले मे श्री गणेश जी की मूत्ति निर्माण में केवल मिट्टी का उपयोग किया जाए । प्लास्टिक मटेरियल को प्रतिबंधित किया है । जनप्रतिनिधियों एंव कलेक्टर सहित छात्रों, शिक्षकों आदि ने माटी के गणेश बनाये । माटी के गणेश निर्माण कार्यक्रम में शासकीय कन्या इन्द्रानगर, कन्या स्कूल धान मण्डी, मॉडल स्कूल, जीवाजीगंज स्कूल, भरवगण, आदर्श संस्कृत विद्यालय, ढाचाभवन स्कूल, खिलचीपुर स्कूल, फाजलपुरा स्कूल सहित अनेक विद्यालयों के छात्रो ने अपनी सहभागिता कर मिट्टी के गणेश का निर्माण कर जिले मे एक बेहतर संदेश दिया । कार्यक्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी आनद शर्मा, एडीपीसी गिरीश तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित थे ।

# सड़क निर्माण में देरी न करें, गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान- कलेक्टर



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रो मे चल रहे सड़क निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर संबंधितो को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि निश्चित समयावधी मे सड़क निर्माण कार्य पुर्ण करना सुनिश्चित करें । कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए है की सड़क निर्माण कार्य मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गुणवत्ता विहीन कार्य होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी । कलेक्टर सिंह ने नगर निगम आयुक्त मिश्रा के साथ सर्वप्रथम डीमार्ट के सामने महावीर बाग कालोनी होते हुए फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित को निर्देश दिये की बिना किसी कारण के निर्माण कार्य को न राको जाए और समय पर कार्य पूर्ण किया जाए । इसके पश्चात दाउदखेड़ी वाले पंच मुखी हनुमान मंदिर होते हुए जंतर-मंतर तक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । इसके बाद कलेक्टर श्री सिंह ने ज्ञान सागर ग्लोबल एकेडमी एवं देव कृपा होटल के बीच से नृसिंह घाट तक के सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान संबंधित को निर्देश दिए की निर्माण कार्य के दौरान किसी प्रकार की तकनिकी समस्या हो उसे दुरस्त कराया जाए । निरीक्षण के दौरान जूनाअखाडा नीलगंगा से होते हुए नानाखेड़ा इन्दौर रोड़ तक के होने वाले सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया ।



# शांतिनाथ उपाश्रय में प्रभु महावीर का जन्म वाचन संपन्न

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • शांतिनाथ उपाश्रय में परम पूज्य साध्वी डॉ.नीलांजना महाराज साहब की निश्रा में 24 वे तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी का जन्म वाचन बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ समाज जनों की उपस्थिति के साथ मनाया गया जिसमें माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्नों को लेकर मारवाड़ी समाज के बालक एवं बालिकाओं द्वारा नृत्य के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुति दी गई 14 स्वप्न एवं पालना की बोलियों में समाज जनों द्वारा बढ़-चढ़कर बोलीया बोली गई एवं जन्म वाचन के अवसर पर नाचते-गाते पालना को झुलाकर अपनी खुशियां व्यक्त की इस अवसर पर स्वामी वात्सल्य का लाभ श्रीमान अनिल कुमार राजेश कुमार अक्षय कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लिया गया समाज अध्यक्ष अशोक कोठारी ने बताया कि शांति सुलोचना महिला मंडल द्वारा संचालित पाठशाला के बालक एवं बालिकाओं द्वारा बैंड के साथ महाराज साहब की अगवानी कर आकर्षक प्रस्तुति दी गई महालक्ष्मी जी की बोली विमलचंद मेहता परिवार एवं पालना घर ले जाने की बोली लाभचंद कोठारी परिवार द्वारा लाभ लिया गया पर्यूषण पर्व के पांचवे दिवस के अवसर पर अवंती पार्श्वनाथ जैन मंदिर दानी गेट पर आकर्षक अंगरचना की गई।



# कांग्रेस में शामिल हुईं सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**सुसनेर• दैनिक इंदौर संकेत**

राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विधायक भैरोंसिंह बापू के नेतृत्व में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया ने रविवार को अपने परिवार सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मौके पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि लक्ष्मी सिसोदिया के जुड़ने से कांग्रेस परिवार और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र के सम्मान और जनहित को सर्वोपरि मानकर जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि लक्ष्मी सिसोदिया और उनका परिवार संविधान की शपथ लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की नई परिभाषा लिखेंगे। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।




# पी एम आवास योजना के अंतर्गत राज मिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (बैंक ऑफ इंडिया) मक्सी रोड स्थित प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास बनाने हेतु राज मिस्त्री के 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में 8 दिवस आवासीय तथा 22 दिवस फील्ड पर जहा प्रधानमंत्री आवास बनाए जा रहे हैं, दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी (प्रधानमंत्री आवास) जिला पंचायत से अजय भालसे, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक अमित ब्रजवानी का सहयोग रहा द्य शुभारंभ अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक एन एस देवड़ा, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक (वित्त) मुख्य रूप से उपस्थित थे । संस्थान निदेशक मालवीय ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रोग्राम समन्वयक प्रवीण सक्सेना ने राज मिस्त्री प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके महत्व के बारे में बताया द्य इस अवसर पर राज मिस्त्री के प्रशिक्षक अजय जटिया सहित संस्थान का पूरा स्टाफ उपस्थित था।

# नहीं हटेंगी सराफा चौपाटी, 10 बजे से लगेगी दुकानें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर की सराफा चौपाटी खान पान के लिए पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। पिछले कुछ दिनों से यहां की 120 दुकानों को हटाने की मांग जोरों पर है। सराफा एसोसिएशन का कहना है कि 80 पारंपरिक खान पान की दुकानों को छोड़कर बाद में लगी 120 दुकानों को हटाया जाना चाहिए।

सराफा चौपाटी का मामला फिर चर्चा में है। 5 दिन पहले ही तय किया गया था कि यहां 80 पारंपरिक दुकानों को छोड़कर बाकी अवैध 120 दुकानों को 1 सितंबर से हटाया जाएगा। सराफा में सुरक्षा स्वच्छता और अन्य मुद्दों के तहत एसोसिएशन ने यह फैसला किया था। सराफा एसोसिएशन की इस मांग के बाद नगर निगम ने जांच की और बीते दिनों चौपाटी के 80 दुकानदारों को ही खान-पान की दुकानें लगाने की अनुमति दी। 1 सितंबर से अन्य 120 दुकानदारों को दुकान हटाने के लिए कह दिया गया था। चौपाटी की इन दुकानों से सराफा के कई कारोबारियों को अच्छा खासा किराया आता है।




### समय पर बन रही सहमति-सराफा एसोसिएशन

इस सप्ताह सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी ने कई बार सराफा व्यापारियों से चर्चा की। सोनी ने उन्हें अपनी दुकान के सामने खान-पान की दुकान लगा रहे व्यापारियों को हटाने का आग्रह किया। हालांकि अब दुकानों को हटाने की बात पर सहमति बनती नजर नहीं आ रही है। सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी ने कहा कि चौपाटी का बाजार 10 बजे बाद लगने पर सहमति बन रही है। दुकानों को हटाने पर अभी सहमति नहीं बनी है। हमारी मांग तो यही है कि पूरी चौपाटी हटना चाहिए। सुरक्षा और स्वच्छता के मुद्दे पर भी हम पूरी तरह सख्त हैं। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी।

### हम सभी मांगों को पूरा करेंगे-चाट चौपाटी एसोसिएशन

दूसरी तरफ चाट चौपाटी एसोसिएशन के अध्यक्ष राम गुप्ता ने कहा कि जो भी कमियां हैं उन्हें दूर करेंगे। बाजार की सुरक्षा, समय पर दुकानें लगाना और स्वच्छता का ध्यान रखना प्रमुख मुद्दे हैं। हम इन सभी मांगों पर पूरा काम करेंगे। अभी दुकानें लगने का समय 9 बजे है लेकिन कुछ दुकानदार जल्दी दुकानें लगा लेते हैं। हम दुकानें लगाने का जो भी समय तय होगा उसी पर दुकानें लगाएंगे ताकि किसी का व्यापार करने में समस्या न आए।

### समय का है मुख्य विवाद, इस पर बन रही सहमति

चाट चौपाटी के लिए जल्दी आकर दुकान लगाने वालों से सराफा कारोबारियों को समस्या होती है। सराफा कारोबारियों का कहना है कि चौपाटी के चक्कर में सोने-चांदी की दुकानें शाम को जल्दी बंद करने से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। बड़ी संख्या में गैस टंकियों के इस्तेमाल से रातभर आगजनी की आशंका बनी रहती है।

# खतरनाक भवनों पर निगम की सख्त कार्रवाई



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम इंदौर द्वारा शहर में चिन्हित खतरनाक एवं जर्जर भवनों को हटाने की निरंतर कार्रवाई जारी है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को समाप्त किया जा सके। आज अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया के निर्देशन में निगम की रिमूवल टीम ने विभिन्न झोन में कार्रवाई की। झोन 01 में धर्मशाला का खतरनाक हिस्सा, झोन 02 में पुराना मकान और झोन 20 में जर्जर भवन ध्वस्त किए गए। इस कार्यवाही में संबंधित झोन के भवन अधिकारी, सहायक रिमूवल अधिकारी तथा निरीक्षक सहित निगम का अमला उपस्थित रहा।

# इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का विरोध दिल्ली पहुंचा

## सैकड़ो कार्यकर्ता दिल्ली इंदिरा भवन के बाहर धरने पर बैठे

**निलेश चौहान (94250-77209)**
**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** • जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। इंदौर जिले के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के इंदिरा भवन के बाहर कल डेरा डाल दिया बाहरी जिला अध्यक्ष नहीं चाहिए को लेकर राहुल गांधी से न्याय मांगने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा भवन के बाहर जमकर विरोध किया। बड़ी बात यह रही की कल दिल्ली में मध्य प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों की बैठक चल रही थी। और कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कई कांग्रेसी जमकर विरोध कर रहे थे।

विपिन वानखेड़े के जिला अध्यक्ष बनने के बाद इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पांच दिनों से विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सांवेर से लेकर देपालपुर तक बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ कार्यकर्ताओं ने हाथ मे तख्ती लेकर राहुल गांधी से न्याय मांगा राहुल गांधी हमें न्याय चाहिए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को सद्बुद्धि देने की भी बात कही गई थी। लेकिन इस मामले में संगठन और प्रदेश के नेताओं ने ध्यान नहीं दिया और विरोध की आंख लगातार बड़ती चली गई फिर क्या था जिले की दो विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में डेरा डाल दिया मामला बढ़ता देख प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेसियों को समझने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने कांग्रेसि अपनी बात पर अड़े रहे पार्टी के महासचिव के सी वेणुगोपाल से मिलने के बाद ही हम यहां से जाएंगे। लगभग शाम 5 बजे पांच लोगों की अनुमति पार्टी के महासचिव से मिलने के लिए मिली कार्यकर्ताओं ने पार्टी के महासचिव के सामने एक ही बात रखी इंदौर जिले से किसी को भी जिला अध्यक्ष बना दो हमें कोई एतराज नहीं, लेकिन हमें बहरी जिला अध्यक्ष नहीं चाहिए जिनको इंदौर जिले के ग्रामीण का अनुभव नहीं है वह कैसे जिला अध्यक्ष पद का दायित्व संभालेंगे? संगठन सर्जन को लेकर भी बात की गई कहा गया कि पार्टी को अपने हिसाब से जिला अध्यक्ष बनना था तो संगठन सजन के नाम पर इस प्रकार का ढोंग क्यों किया गया, जिस आदमी का लिस्ट में नाम ही नहीं था, उसे जिला अध्यक्ष क्यों बनाया गया पार्टी के महासचिव ने अस्वस्थ करते हुए कहा है कि आपको न्याय मिलेगा हम इसकी रिपोर्ट बुलवाकर 4 दिन में आपका निराकरण करेंगे।




# सिंगापुर टाउनशिप के अंडरपास का निर्माण अगर दो माह में होता है तो सिलावट को कांग्रेस देगी 5100 का इनाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • जिला कांग्रेस सेवादल के का अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल गिरीश जोशी ने बताया कि मांगलिया स्थित सिंगापुर टाउनशिप के अंडर पास के कारण निरंतर लाखों लोग परेशान हो रहे हैं बारिश में अंडरपास बंद हो जाता है विगत 10 सालों से लाखों रहवासी अंडरपास के निर्माण के लिए मांग कर रहे हैं मगर मंत्री श्री तुलसी सिलावट निरंतर आश्वासन पर आश्वासन दे रहे हैं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी अंडर पास का उद्घाटन करके जा चुके हैं मगर देखने में आया है कि अभी एक बारिश में अंडर पास पूरी तरह से बंद हो गया है मांगलिया आरोबी बनने के कारण सांवेर और देवास जाने वाले यात्री इसी 9 फीट के छोटे अंडर पास का उपयोग करते हैं और सिंगापुर टाउनशिप से जुड़े 5 किलोमीटर के इलाके में जितनी भी कॉलोनी है वहां के लाखों रहवासी रोज परेशान हो रहा है सैकड़ो स्कूली विद्यार्थी तीन-तीन घंटे में अंडर पास के कारण अपने घर से निकलने से स्कूल पहुंचने तक का समय लगता है और स्कूल से घर पहुंचने का समय भी उनको 3 घंटे का लगता है इस पूरे मार्ग पर निरंतर जाम रहता है कई आकस्मिक चिकित्सा मामलने मै रहवासियों की मौत भी हो चुकी है,मंत्री तुलसी सिलावट ने कल फिर उसे अंडरपास का दौरा किया और कहां की अंडरपास 15 दिन में बन जाएगा अधिकारी ने कहा डेढ़ महीने में बन जाएगा कांग्रेस ने अधिकारियों और तुलसी सिलावट जी को 2 महीने का समय दिया है अगर आपने 2 महीने में भी अगर यह बना दिया तो आपको 5100 का इनाम दिया जाएगा जो 10 साल में अंडर पास नहीं बना पाए मंत्री तुलसी सिलावट निश्चित रूप से 2 महीने में अगर बनाते हैं तो उनका 5100 का इनाम दिया जाएगा लाखों रहवासियों को 20 कॉलोनी और 40 गांव के लोगों को बहुत राहत मिलेगी और अगर 2 महीने में अंडर पास नहीं बनता तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी



# फ्लैट में तीन छात्रों के साथ मिली युवती, बजरंग दल के पदाधिकारियों ने की पिटाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • एक युवती के साथ आपत्तिजनक हरकत करने के मामल में बजरंग दल के पदाधिकारियों ने एक फ्लैट पर छापा मारकर तीन युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। जब पदाधिकारी फ्लैट पर पहुंचे तो वहां एक युवती भी थी। तीनों युवकों की पिटाई भी की गई।

मामला इंदौर के तेजाजी नगर की एक बिल्डिंग का है। तीनों छात्र वर्ग विशेष के हैं और इंदौर के निजी विश्व विद्यालय के छात्र हैं। तीनों असम के रहने वाले हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि फ्लैट में आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिलीं। पुलिस ने पूछताछ और आरोपियों के बयान के बाद सभी को छोड़ दिया। फ्लैट में उनके साथ एक यूट्यूबर युवती भी थी।

बजरंग दल के कार्यकर्ता राम दांगी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि वीडियो प्रोडक्शन कंपनी चलाने के नाम पर तीन युवक एक कमरे में हिंदू लड़की के साथ रह रहे थे। दांगी ने कहा कि युवक अपने असल नाम छिपाते थे, जबकि लड़की का परिचय मुस्लिम नाम से देते थे, लेकिन जांच में युवती हिंदू निकली। हिंदूवादी समूहों ने आरोप लगाया कि युवकों के मोबाइल में कई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी थीं, जिनमें हिंदू नाम इस्तेमाल किए गए थे। उनके फोन से हिंदू लड़कियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के फोटो और वीडियो मिले हैं।

### युवती भी असम की रहने वाली

दांगी के अनुसार युवती भी असम की रहने वाली है और उसे तीनों युवक इंदौर लेकर आए थे। युवती ने थाने में बयान दिया कि उसके साथ कोई गलत हरकत नहीं हुई और वह स्वेच्छा से युवकों के साथ रह रही है। इंदौर में उसे वीडियो बनाने का काम मिला था। इस कारण वह शूट के लिए पंद्रह दिनों के लिए इंदौर आई थी।

**सबसे भरोसेमंद कर्मचारी निकला दगेबाज!**

# 4 करोड़ 80 लाख के सोने की चोरी में बड़ा खुलासा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में हुई अहमदाबाद के एक ज्वेलर्स के 4 करोड़ 80 लाख रुपए के सोने की चोरी में बड़ा खुलासा हुआ है। क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी हुए सोने को बरामद कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सारा सोना भी जब्त किया है।

दरअसल, यह सोना अहमदाबाद स्थित अंकित गोल्ड ज्वेलर्स के संचालक का था, जिसे उनका मैनेजर और ड्राइवर मिलकर व्यापारिक उद्देश्य से इंदौर लेकर आए थे। योजना के अनुसार, सोने के आभूषण इंदौर के व्यापारियों को दिखाए जाने थे। इसी दौरान मैनेजर एक सैलून पर चला गया और उसी वक्त ड्राइवर मसरू रबारी मौका पाकर दो बैग सोने से भरे हुए लेकर गाड़ी सहित फरार हो गया। इस वारदात में मसरू के साथ राजस्थान का पेशेवर अपराधी प्रेमपाल सिंह देवड़ा भी शामिल था। जिसमें घटना की जानकारी मिलते ही



इंदौर क्राइम ब्रांच हरकत में आई और तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी गया पूरा सोना भी बरामद कर लिया है।

बताया जा रहा है कि ड्राइवर मसरू रबारी व्यापारी का ही पुराना भरोसेमंद कर्मचारी था। व्यापारी ने अपने मैनेजर और ड्राइवर पर भरोसा करते हुए करोड़ों का सोना इंदौर भेजा था। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या इस घटना में और कोई व्यक्ति या गिरोह शामिल है। इंदौर क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई की व्यापारी द्वारा भी सराहना की गई है।

# जानलेवा हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने किया पंढरीनाथ थाने का घेराव, सौंपा ज्ञापन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • भाजपा के खिलाफ सतत आंदोलन चलाने राहुल गांधी द्वारा चलाये जा रहे वोट चोरी के खिलाफ सतत आंदोलने के लिये भाजपा आरएसएस के इशारे पर मिलीभगत कर गठजोड़ कर फूलछाप कांग्रेसी के इशारे पर जान से मारने की धमकी एवं पूर्व में भी मेरे उपर थाना परदेशीपुरा एवं विजय नगर चौराहे पर जानलेवा हमला हो चुका है। थाना पंढरीनाथ का घेराव कर थाना प्रभारी को इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन,कांग्रेस में कौन है जयचंद और मीरजाफर ये फूल छाप कांग्रेसी सक्रिय मैदानी संघर्ष करने वाले मैदानी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर बैठना चाहते हैं यादव।

इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है कि आज थाना पंढरीनाथ का घेराव कर प्रभारी थाना प्रभारी राजाराम पटेल के समकक्ष एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कर आवेदन दिया गया जिसमें यादव ने बताया गया कि मेरे द्वारा इंदौर शहर कांग्रेस व म.प्र.राजीव विकास केन्द्र के माध्यम से भाजपा के खिलाफ आम जनता की समस्याओं को लेकर पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से सतत आंदोलन चलाये जा रहे है एवं देश के लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी अभियान चलाया जा रहा है उसके समर्थन में इंदौर शहर कांग्रेस व म.प्र.राजीव विकास केन्द्र द्वारा सतत आंदोलन चलाये जाने की घोषणा को रोकने के लिये फूलछाप कांग्रेसी शराब व्यवसायी भाजपा आरएसएस के इशारे पर सुनियोजित साजिश रचकर इन भाजपाईयों से मिलीभगत गठजोड़ कर मुझे जान से मारने की धमकी या फिर दुर्घटना करवाकर मारने की धमकी उनके लोगों के माध्यम से मुझ तक पहुंचाई जा रही है।

# प्रीमियम व्हिस्की पीने वाले पढ़े-लिखे और समझदार!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सुप्रीम कोर्ट ने शराब उद्योग से जुड़े एक अहम विवाद का निपटारा करते हुए साफ कर दिया कि ब्लेंडर्स प्राइड और लंदन प्राइड नामक दोनों ब्रांड भारतीय बाजार में बने रहेंगे। फ्रांस की बहुराष्ट्रीय कंपनी पर्नोड रिकार्ड और इंदौर के कारोबारी करणवीर सिंह छाबड़ा की कंपनी जेके इंटरप्राइजेज के बीच यह कानूनी लड़ाई करीब 3 साल से चल रही थी। अदालत ने कहा कि केवल प्राइड शब्द को लेकर किसी कंपनी को ट्रेडमार्क का अधिकार नहीं दिया जा सकता, क्योंकि यह शब्द शराब उद्योग में आमतौर पर इस्तेमाल होता है। प्रीमियम व्हिस्की पीने वाले पढ़े-लिखे और समझदार लोग होते हैं। 'प्राइड' शब्द पर किसी एक कंपनी का हक नहीं है।

### इंदौर से दिल्ली तक पहुंचा मामला

इंदौर के कारोबारी करणवीर सिंह छाबड़ा की जेके इंटरप्राइजेज ने नाम से कंपनी है। जो कि लंदन प्राइड के नाम से व्हिस्की की बिक्री करती है। इस प्राइड नाम का उपयोग करने को लेकर फ्रांस की कंपनी पर्नोड रिकार्ड ने आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि छाबड़ा ने न केवल ब्रांडनेम कॉपी किया, बल्कि पैकेजिंग, रंग और लेबल भी हूबहू उनके प्रोडक्ट इंपीरियल ब्लू की बोतल से मैच करता है। कंपनी ने साल 2022 में इंदौर की वाणिज्यिक अदालत का दरवाजा खटखटाया था। कंपनी की तरफ से दावा किया गया था कि उनका ब्लेंडर्स प्राइड का कस्टमर लंदन प्राइड नाम से उलझन में आ सकता है। उनके दशकों से बने ब्रांडनेम की पहचान को खतरा है।



**यह है पूरा मामला :** फ्रांस की पर्नोड रिकार्ड भारत में ब्लेंडर्स प्राइड, इंपीरियल ब्लू और सीग्राम्स जैसे लोकप्रिय ब्रांड बनाती है। कंपनी ने आरोप लगाया कि इंदौर के कारोबारी करणवीर सिंह छाबड़ा अपनी कंपनी जेके इंटरप्राइजेज के बैनर तले लंदन प्राइड नाम से व्हिस्की बेच रहे हैं। पर्नोड का दावा था कि इस ब्रांड ने न सिर्फ उनके नाम की नकल की बल्कि पैकेजिंग और लेबल भी हूबहू इंपीरियल ब्लू जैसी बनाई। कंपनी का कहना था कि उपभोक्ता ब्लेंडर्स प्राइड और लंदन प्राइड के नामों में भ्रमित हो सकते हैं।

**जस्टिस बोले, आप बोतलें साथ लाए हैं :** मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां 5 जनवरी 2024 को सुनवाई के दौरान दोनों कंपनियों की व्हिस्की की बोतलें अदालत में पेश की गईं। तत्कालीन सीजेआई डीवाय चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले की सुनवाई की। जब बोतलें कोर्ट में दिखाई गईं तो सीजेआई चंद्रचूड़ ने हंसते हुए कहा - आप बोतलें साथ लाए हैं?

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला :** अगस्त 2025 में अदालत ने पर्नोड की याचिका खारिज कर दी और जेके इंटरप्राइजेज को राहत दी। यह पूरा विवाद इंदौर से शुरू हुआ और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। अब अंतिम फैसले के बाद लंदन प्राइड और ब्लेंडर्स प्राइड दोनों ही भारतीय बाजार में मौजूद रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रबंध संपादक : **अक्षय तिवारी**, द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650।**
न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा। इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किये गये है अत : इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक, सांध्य दैनिक इंदौर संकेत। फोन नं. 731-3530700